भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 305 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 30 अक्टूबर 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

**क्रिया योगः** साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## यूपी मिशन पर अमित शाहः लखनऊ में बोले-

# 2024 में मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए 2022 में योगी जरूरी

**लखनऊ (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विधानसभा चुनाव के लिए 'फिर एक बार भाजपा 300 पार' का नारा देते हुए कहा कि 2024 में मोदी को पीएम बनाने के लिए 2022 में योगी का सीएम बनना जरूरी है। योगी सरकार की पीठ थपथपाते हुए शाह ने सपा, बसपा और कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। कहा कि इनकी सरकारों ने यूपी को बर्बाद कर दिया। सपा-बसपा शासनकाल में हर जिले में दो-तीन माफिया-बाहुबली हुआ करते थे लेकिन 2017 में आई योगी आदित्यनाथ सरकार ने ऐसा काम किया कि आज दूरबीन से देखने पर भी यहां माफिया नहीं दिखते। राजधानी में शुक्रस्वार को भाजपा के वृहद सदस्यता अभियान 'मेरा परिवार-भाजपा परिवार' का शुभारंभ किया। वृंदावन योजना स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड पर कार्यकर्ताओं के हुजूम को संबोधित करते हुए शाह ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर जहां जमकर हमला बोला वहीं तथ्य और तर्क के साथ योगी सरकार की खूब तारीफ की उन्होंने कहा कि यूपी ने सपा, बसपा व कांग्रेस के बाद अब भाजपा का शासन भी देखा है। मुगलों का राज खत्म होने के बाद भी यूपी को बहुत वर्षों तक यह एहसास नहीं होता था कि यह बाबा विश्वनाथ, भगवान राम, गौतम बुद्ध, जैन संतों और महामना



मालवीय की भूमि है। इसका एहसास 2017 में हुआ जब भाजपा की सरकार आई। योगी सरकार ने यूपी को उसकी असल पहचान वापस दिलाई।अमित शाह ने कहा कि भाजपा हर चुनाव में राम मंदिर और कश्मीर से 370 के खात्मे का संकल्प लेती थी। जनता को भी इंतज़ार था कि यह दोनों सपने कब पूरे होंगे? अखिलेश एंड कंपनी हम पर तंज करती थी कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे, लेकिन परिवर्तन हुआ और सपा की सरकार में जिस जगह रामभक्तों को गोलियों से भूना गया था आज वहां गगनचुंबी मंदिर बन रहा है।

शाह ने चुटकी लेते हुए कहा कि अखिलेश जी तो राम मंदिर के लिए 5000 रुपये देने से भी चूक गए। हमने कश्मीर से 370 और 35ए को उखाड़ फेंका। जब कोरोना आया, बाढ़ आई तो अखिलेश एंड कंपनी घर में छुपी हुई थी। आज चुनाव नजदीक देख नए बरसाती मेंढक की तरह यह चुनावी मेंढक निकल पड़े हैं। शाह ने अखिलेश से सवाल किया कि वो 5 साल में कितने दिन विदेश में रहे? कोरोना और बाढ़ में अखिलेश कहां थे?

शाह ने कोरोना से लड़ाई में योगी सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की कोशिशों ने लोगों का जीवन बचाया। आज टेस्ट हो या टीका, दोनों में यूपी नंबर एक है। अखिलेश राज में जो यूपी देश की सातवें नंबर की अर्थव्यवस्था थी, आज योगी के नेतृत्व में दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था है। 2017 में यहां 12 मेडिकल कॉलेज थे आज 30 मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं और 2022 से पहले 40 हो जाएंगे। 2017 में हमारे सामने इतना बड़ा गड्ढा छोड़कर दिया गया था कि उसे भरना मुश्किल था।

## 25 साल में कितने लोगों ने धर्म परिवर्तन किया सीएम बोम्मई ने मंत्रालय से मांगा जवाब; चर्च के बारे में भी मांगी जानकारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक की बसवाराज बोम्मई सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय को निर्देश दिया है कि पिछले 25 सालों में जिन लोगों ने धर्म परिवर्तन किया है उनके बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाए। न्यूज एजेंसी 'र्छंए' ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए बनी कमेटी की एक बैठक 13 अक्टूबर को हुई थी। जिसके बाद यह सूचना मांगी गई थी और विधानसभा के संयुक्ति सचिव ने इस संबंध में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को खत भेजा था। इस खत में सिफारिश की गई है कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को पुलिस विभाग, रेवेन्यू डिपार्टमेंट, समाज कल्याण विभाग, जिला कमिशन्रों और चीफ एग्जीक्यूटिव अफसरों के साथ को-ऑर्डिनेशन कर धर्म परिवर्तन के बारे में जानकारी जुटाना चाहिए। इस खत में यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि सूचना जुटाने के दौरान पंजीकृत गिरिजाघरों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। धर्म पविर्तन के बारे में 30 दिनों के अंदर सूचना जुटाएं।अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से यह भी आग्रह किया गया है कि वो चित्रदुर्ग जिले के होसादुर्गा में स्थित ्रूपर्त्ँ ्रूे ण्प्र्म्् के बारे में भी सूचनाएं इकट्ठा करे। इधर 28 अक्टूबर को कर्नाटक सरकार ने अधिकृत और अनाधिकृत गिरिजाघरों और बाइबल सोसाइटी के सर्वे को फिलहाल रोक दिया है। पहले यह सर्वे कराने का फैसला लिया गया था। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सूत्रों के हवाले से यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा फिलहाल इस संबंध में दायर की गई एक याचिका पर हाईकोर्ट के फैसले का इंतजार कर रही है। सूत्रों के हवाले कहा जा रहा है कि धर्म परिवर्तन के बारे में जानकारी जुटाने के हाल के आदेश का मकसद राज्य में जबरन धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया को रोकना है।

## जल्द ही तीनों कृषि कानून भी हटेंगे : राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-उत्तर प्रदेश बॉर्डर के पास गाजीपुर में किसानों के आंदोलन स्थल से अवरोधक हटाए जा रहे हैं। इसको लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बयान जारी किया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि अभी तो सिर्फ दिखावटी अवरोधक हटे हैं, जल्द ही तीनों कृषि विरोधी कानून भी हटेंगे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस मामले में ट्वीट किया। अपने ट्वीट में राहुल ने लिखा है, ङ्खअभी तो सिर्फ दिखावटी अवरोधक हटे हैं, जल्द ही तीनों कृषि विरोधी कानून भी हटेंगे। अनन्दाता सत्याग्रह ज़िंदाबाद!ङ्ग गौरतलब है कि दिल्ली-उत्तर प्रदेश बॉर्डर के पास गाजीपुर में किसानों के आंदोलन स्थल से दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को



अवरोधक तथा कांटेदार तार हटाने शुरू कर दिए। केन्द्र के तीन कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों की 26 जनवरी को दिल्ली में 'ट्रैक्टर परेड' के दौरान हुई हिंसा के बाद, पुलिस ने वहां लोहे तथा सीमेंट के अवरोधक (बैरिकेड्स) और कांटेदार तार लगा दिए थे। इसके बाद से लगातार इस पर सवाल उठाए जा रहे थे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में सुनवाई दौरान कहा था कि किसान विरोध करें लेकिन रास्ता रोकना गलत है। इसके बाद से यह बैरिकेड्स हटाए जा रहे हैं। सुनवाई के दौरान किसान संगठनों ने कोर्ट में कहा था कि उन्होंने कोई रास्ता बंद नहीं किया है, दिल्ली की सीमाओं पर बैरिकेड्स पुलिस ने लगाए हैं।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों पर आरएसएस की तीखी प्रतिक्रिया, कहा-

# अल्पसंख्यकों को खदेड़ने की साजिश

**धारवाड़ (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों और धार्मिक स्थलों पर हुए हमलों को लेकर आरएसएस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि ये हमले एक साजिश का हिस्सा थे ताकि अल्पसंख्यक समुदाय को वहां से खदेड़ा जा सके। इसके साथ ही आरएसएस की ओर से केंद्र सरकार से अपील की गई है कि वह इस संबंध में बांग्लादेश से बात करे और हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मध्य प्रदेश के धारवाड़ में संघ की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह बात कही गई। आरएसएस के सह-सर कार्यवाह अरुण कुमार ने कहा कि संघ यह मांग करता है कि बांग्लादेश



सरकार को उन तत्वों के खिलाफ कड़ा ऐक्शन लेना चाहिए, जिन्होंने हिंदू समुदाय के लोगों पर हमले किए।आरएसएस की तीन दिवसीय बैठक की शुरुआत धारवाड़ में गुरुवार को हुई। अरुण कुमार ने बैठक में पारित प्रस्ताव का जिक्र करते हुए कहा, 'बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ की गई हिंसा पूरी तरह से एक साजिश थी ताकि अल्पसंख्यकों को देश से खदेड़ा जा सके। इन हमलों का मकसद यह था कि फेक न्यूज के जरिए धार्मिक हिंसा फैलाई जा सके और हिंदुओं का पलायन हो जाए।' आरएसएस ने अपने प्रस्ताव में कहा कि केंद्र सरकार को सभी कूटनीतिक प्रयास करते हुए इस मामले पर बात करनी चाहिए। संघ ने कहा कि हिंदुओं और बौद्धों के खिलाफ हमले रुकने चाहिए।इसके साथ ही आरएसएस की ओर से उन लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है, जिन्होंने इन हमलों का अंजाम दिया था। इसके साथ ही संघ ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थाओं की चुप्पी पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि इस मामले पर संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों की चुप्पी दोहरे रवैये को सामने लाती है। संघ ने कहा कि हमारी मांग है कि इन हमलों को अंजाम देने वालों को सजा दी जाए। ऐसा होने पर ही बौद्ध और हिंदू समुदाय के लोग सम्मानजनक तरीके से रह पाएंगे।

## पाकिस्तान को भारत की दो टूक, जरूरत पड़ी तो सीमा पार बैठे आतंकवादियों पर भी लेंगे एक्शन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत ने पाकिस्तान से कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो हम बॉर्डर के उस तरफ भी आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लेंगे। शुक्रवार को देश के रक्षा मंत्री ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि भारत ने पाकिस्तान से साफ-साफ कहा है कि आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई ना सिर्फ सीमा के इस तरफ की जाएगी बल्कि अगर जरूरत पड़ी तो बॉर्डर के उस तरफ भी यानी पाकिस्तान की सीमा में बैठे आतंकवादियों पर भी एक्शन लिया जाएगा। एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, 'लोग अक्सर कहा करते थे कि अगर आर्टिकल 370 को खत्म किया गया तो पूरा कश्मीर जल उठेगा..जबकि मिला-जुला कर कुछ घटनाओं को छोड़ दें तो कश्मीर बिल्कुल शांत है।' बता दें कि जम्मू क्षेत्र के राजौरी और पुंछ में पिछले कुछ समय से आतंकवादी हमले हुए हैं, जिसके बाद कई अलग-अलग एनकाउंटरों में कई आतंकवादी मारे भी गए हैं। केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया था। राजनाथ सिंह ने कहा, 'यह सच है कि हमारे दुश्मन बेचैन हैं। मैं निश्चिंत होकर कह सकता हूं कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों का मनोबल टूटा है।' 11 अक्टूबर से भारतीय आर्मी ने जम्मू और कश्मीर में छिपे आतंकवादियों को ढूंढ कर खत्म करने के अपने ऑपरेशन को औ तेज कर दिया है। खासकर बॉर्डर से सटे दो जिलों पुंछ और राजौरी में आतंकवादियों की शामत आई हुई है।

## जेल में ही कटेगी आर्यन खान की एक और रात, जेलर के पास टाइम से नहीं पहुंचा एनडीपीएस कोर्ट का रिहाई आदेश

**मुंबई (एजेंसी)।** हाई कोर्ट से गुरुवार को जमानत मिलने और फिर आज एनडीपीएस कोर्ट में प्रक्रिया पूरी हो जाने के बावजूद शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को एक और रात जेल में ही काटनी पड़ेगी। ऑर्थर रोड जेल में निर्धारित समय तक कोर्ट का आदेश नहीं पहुंचने की वजह से आर्यन खान की रिहाई नहीं हो पाई है। अब शनिवार सुबह उनके जेल से बाहर आने की उम्मीद है। क्रूज ड्रग्स केस में गिरफ्तार आर्यन खान को बॉम्बे हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद उनके वकीलों ने जमानतदार जूही चावला के साथ (एनडीपीएस) कोर्ट में औपचारिकताएं पूरी कीं। इसके बाद विशेष अदालत ने रिहाई के दस्तावेज जारी किए। इसे शाम 5:30 तक जेल अधीक्षक के सामने पेश करना था। जेल अधिकारियों ने कुछ और वक्त तक इसका




इंतजार किया, लेकिन शाहरुख की लीगल टीम ऑर्डर लेकर नहीं पहुंच पाई। आर्यन खान की जमानतदार जूही चावला बनीं। उन्होंने कोर्ट में कहा कि वह आर्यन को बचपन से जानती हैं। शाहरुख खान के वकील ने कहा कि जूही चावला बचपन से ही आर्यन खान को जानती हैं दोनों के परिवारिक और प्रोफेशनल रिश्ते हैं। शाहरुख खान के घर मनन्त के बाहर उनके फैन्स बड़ी संख्या में जुटे हुए थे। आर्यन की रिहाई नहीं होने से इन्हें निराशा हाथ लगी। इससे पहले गुरुवार को जब हाई कोर्ट ने आर्यन को जमानत दी तो मनन्त के बाहर शाहरुख के फैन्स से आतिशबाजी की थी। खुद शाहरुख की वकीलों के साथ मुस्कुराते हुए तस्वीर सामने आई थी।बॉम्बे हाई कोर्ट ने आर्यन खान को एक लाख रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही एक या दो जमानत राशि जमा करने पर छोड़ने का आदेश दिया। जस्टिस एन डब्लूयू सांम्ब्रे ने शुक्रवार को फैसले के पांच पननें के प्रभावी अंश की प्रति पर हस्ताक्षर किए। कोर्ट ने यह भी कहा कि आर्यन विशेष अदालत की मंजूरी के बिना देश से बाहर नहीं जा सकते हैं और हर शुक्रवार को उन्हें एनसीबी दफ्तर में हाजिरी देनी होगी।

# मंत्रोच्चार और मोदी-मोदी के नारे... इटली की धरती पर कुछ यूं हुआ पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत

**रोम (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी जी-20 देशों के नेताओं की मीटिंग में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को रोम पहुंच गए। इस दौरान उनका भारतीय समुदाय के लोगों की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। यही नहीं भारतीय समुदायों के लोगों ने शिव तांडव स्तोत्र गाया और ऊं नमः शिवाय के जयकारे लगाए। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी शिव तांडव स्तोत्र पढ़े जाने तक हाथ जोड़े खड़े रहते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के स्वागत में लोग मोदी-मोदी के नारे लगाते दिखते हैं। बड़ी संख्या में इटली में पीएम नरेंद्र मोदी के स्वागत में जुटना एक दिलचस्प नजारा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। बागची ने लिखा, 'पीएम नरेंद्र मोदी रोम पहुंचे, जहां उनका इस प्राचीन शहर में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान वह कई द्विपक्षीय और बहुपक्षीय वार्ताओं का हिस्सा होंगे। एक सफल दौरे की उम्मीद है। पीएम नरेंद्र मोदी इस दौरान स्थायी विकास, क्लाइमेट चेंज, ग्लोबल इकॉनमिक और हेल्थ रिकवरी जैसे मुद्दों पर वैश्विक



नेताओं से चर्चा करेंगे। इटली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और भारत के राजदूत ने एयरपोर्ट पर पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने दौरे से पहले दी गई जानकारी में बताया था कि वह रोम में वैश्विक अर्थव्यवस्था के उबरने और कोरोना संकट से निपटने के उपायों पर बात करेंगे। यही नहीं इस दौरे के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप से भी मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री ने अपने बयान में कहा था कि वह इस विजिट के दौरान वेटिकल सिटी भी जाएंगे और पोप फ्रांसिस से मुलाकात करेंगे। अपने कार्यकाल के दौरान यह पहला मौका है, जब पीएम मोदी पोप फ्रांसिस से मुलाकात करेंगे। वह 29 से 31 अक्टूबर तक रोम में रहेंगे। इसके बाद वह क्लाइमेट चेंज पर आयोजित समिट में हिस्सा लेने के लिए ग्लास्गो जाएंगे।

## साल के अंत तक नहीं लग पाएगा सबको टीका असम ने अब तय की 15 जनवरी की तारीख



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कहा कि असम में अगले साल 15 जनवरी तक ही प्रदेश की आबादी को कोरोना की दोनों खुराक लग पाएंगी। सरमा ने ये बाते संवाददाता सम्मेलन के दौरान कही। न्यूज एजेन्सी के मुताबिक, शुक्रवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को कोरोना टीकों की पहली खुराक 20 नवंबर तक लग जाएगी। उन्होंने कहा, ठप्रदेश के 77 लाख लोगों को अभी तक दोहरी खुराक लग गई है। दोनों टीकों के लिए अभी लगभग 2.1 करोड़ आबादी शेष है। इसके अलावा लगभग 2 करोड़ 76 हजार लोगों ने पहली खुराक लगा ली है। सीएम सरमा ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी इच्छुक लोगों ने कोरोना की पहली खुराक लगा ली है।

## टेनिस कोर्ट के बाद अब राजनीति में दिखाएंगे दम, लिएंडर पेस हुए ममता की टीएमसी में शामिल



**पणजी (एजेंसी)।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने टीएमसी के साथ अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत करने फैसला कर लिया है। टेनिस चैंपियन लिएंडर पेस तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी में टेनिस स्टार लिएंडर पेस ने गोवा में टीएमसी का झंडा थामा। टेनिस कोर्ट के बाद अब लिएंडर पेश राजनीति के मैदान में अपना दमखम दिखाते नजर आ सकते हैं। बता दें कि अगले साल होने वाले गोवा विधानसभा चुनाव को देखते हुए टीएमसी लगातार दिग्गजों को अपने खेमे में जोड़ रही है। लिएंडर पेस से पहले आज ही अभिनेत्री नफीसा अली भी टीएमसी में शामिल हुई हैं। ममता बनर्जी अभी गोवा की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं, जहां वह लगातार पार्टी को मजबूत करने के लिए न सिर्फ बैठकें कर रही हैं, बल्कि दिग्गजों को पार्टी में शामिल भी करा रही हैं। बंगाल चुनाव जीतने के बाद ममता बनर्जी गोवा जीतने में पूरी तरह से जुट गई हैं। लिएंडर पेस भारत के टेनिस खिलाड़ी हैं, जो आजकल युगल और मिश्रित युगल मुकाबलों में भाग लेते हैं। वह भारत के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के सदस्यता अभियान में जुडे भाजपाई

**करछना।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में मेरा परिवार भाजपा परिवार एवं डिजिटल सदस्यता अभियान का शुभारंभ केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया। जिसमें करछना ब्लॉक परिसर में विधानसभा करछना के भाजपा के पदाधिकारियों ने एक साथ बैठकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल,संयोजक विष्णु शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि इस सदस्यता अभियान की शुरूआत होने से भाजपा को बल मिलेगी। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले तैयारियों को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ स्तर पर घर-घर जाकर सदस्यता अभियान के जरिए लोगों को जोड़ने का काम करेंगे। जिससे प्रदेश में भाजपा की सरकार 2022 में पूर्व की भांति प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। जिस मौके पर विनोद प्रजापति जिला मंत्री, शंकर्षण जी महाराज, पंकज द्विवेदी, अजय कुशवाहा, प्रदीप पांडे, अमित पांडे, राम भवन द्विवेदी, रवि शंकर तिवारी, रवि पटेल, आदि रहे।

# सड़क किनारे खड़े लोगों को पिकअप ने रौंदा, तीन की मौत तीन लहूलुहान

**अंतिम संस्कार में शामिल होने गए सड़क किनारे खड़े लोग हुए हादसे के शिकार, जानकारी मिलते ही चायल विधायक सहित तमाम लोग मौके पर पहुंचे**

अखंड भारत संदेश



समर्थकों के साथ पूरामुफ्ती थाने पर मौजूद विधायक संजय गुप्ता



घटनास्थल पर जमा लोगों की भीड़

**प्रयागराज, पूरामुफ्ती।** पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग के पूरामुफ्ती थाना के पाल मार्केट के पास शुक्रवार की सुबह 7 बजे सड़क के किनारे खड़े लोगों को पिकअप ने रौंद दिया है इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई है और 3 लोग गंभीर हालत में घायल हैं सूचना पाकर मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई है जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता भाजपा नेता शंभूलाल केसरवानी रमाकांत पटेल नेपाल सिंह प्रीतम सिंह पटेल सत्य प्रकाश पिंटू कुशवाहा सहित तमाम लोग घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्य में लगे हुए हैं। घटनाक्रम के मुताबिक पूरामुफ्ती के रहने वाले सोहन लाल पाल का हृदय गति रुक जाने से गुरुवार की शाम मौत हो गई थी मौत की जानकारी मिलते ही उनके रिश्तेदार परिजन उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने शुक्रवार की सुबह पुरामुफ्ती गए थे रिश्तेदार परिजन और परिचित सड़क किनारे खड़े थे इसी बीच कानपुर की तरफ से तेजगति से आ रही पिकअप संख्या यू0पी073अ/8626 ने सड़क किनारे खड़े लोगों को रौंद दिया हादसे में लोग वाहन की टक्कर खाकर दूर जा गिरे हादसे के बाद नन्द किशोर पटेल उम्र 65 वर्ष पुत्र स्व0 मेवा लाल पटेल निवासी मादपुर प्रयागराज प्रदीप कुमार कोरी उम्र 55 वर्ष पुत्र अमृत लाल उर्फ मिठाई लाल कोरी निवासी मादपुर रोड पूरामुफ्ती भगवादीन कुशवाहा उम्र 66 वर्ष पुत्र स्व0 राम आधार कुशवाहा की घटना स्थल पर मौत हो गयी है जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों का मजमा लग गया सूचना पाकर मौके पर जनप्रतिनिधि भी पहुंचे पुलिस ने मृतक लोगों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है हादसे में हरिमोहन मौर्य पुत्र श्रीनाथ मौर्य निवासी असरापुर मरधरा थाना कोखराज मोहम्मद शकील पुत्र शरीफ अहमद ,निवासी पूरामुफ्ती चौराहा सहित कई लोग गंभीर घायल हैं घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना के बाद से मौके पर कोहराम मचा हुआ है हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त पिकअप चालक बीर सिंह पुत्र राम आधार भाग नहीं सका है ग्रामीणों ने उसे कब्जे में ले लिया है और पिकअप चालक को पुलिस को सौप दिया है।

## न्यूज झरोखा

### अपराध नियंत्रण और मादक पदार्थों के अवैध, डीजल पेट्रोल की बिक्री तथा पशुतसकरी पर रोक : सीओ



**हंडिया।** हंडिया सकिल के नवागन्तुक क्षेत्राधिकारी भीम कुमार गौतम ने कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप कानून व्यवस्था कायम रखने में कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। अपराध नियंत्रण तथा मादक पदार्थो, खनन, पशु तस्करी, गौकशी और डीजल पेट्रोल के अवैध कारोबार पर सख्ती से रोक लगाई जायेगी। उन्होंने कहा कि फरियादियों की मात्र सुनवाई किये जाने से ही फरियादियों को राहत मिल पायेगी बल्कि उस समस्या का समाधान किया जाना हमारी कोशिश होगी। गैर लाइसेंसी पटाखा निमार्ताओं के खिलाफ जांच कराकर विधिक कार्यवाही होगी।

### शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने पैदल गस्त कर किया वाहन चेकिंग



**लालापुर।** लालापुर थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के लालापुर, अमिलिया तरहार, प्रतापपुर, चिल्ला आदि जगहों पर आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पैदल गश्त कर वाहन चेकिंग किया। थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। लोगों से कहा कि पुलिस उनके साथ है,परेशानी होने पर सूचना दें, समस्या का समाधान किया जाएगा।थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को कायम रखने व अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिदिन थाना क्षेत्र के गांवों में पैदल गश्त व रात्रि गश्त की जा रही है। पुलिस के पैदल गश्त से जहां असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं नागरिक पुलिस की गस्त से सुरक्षा का एहसास कर रहे हैं।गस्त के दौरान पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछतांछ कर तलाशी भी ले रही है।लालापुर थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने कहा कि यह गश्त नियमित चलती रहेगी।अगर किसी व्यक्ति को कोई दिक्कत परेशानी हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते पुलिस मदद के लिए पहुंच सके।लालापुर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है, अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ लगातार मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।अवैध शराब माफियाओं के धर पकड़ के लिए लालापुर पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है।

### वोकल फार लोकल अर्थव्यवस्था की मजबूती मे संजीवनी के समान : महेंद्र प्रताप सिंह



**जसरा।** किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के पीछे वहाँ उद्योग, कृषि, व्यवसाय इत्यादि प्रमुख कारको के साथ ही व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी एवम सूझबूझ भी काफी अहम जिम्मेदारी निभाती हैं उक्त बातें युवा समाजसेवी एवम भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा यमुनापार के जिलामंत्री महेंद्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र श्री मोदी जी के वोकल फार लोकल के नारे को बुलंद करते हुए इससे देश की अर्थव्यवस्था एवम आम नागरिकों मे किस प्रकार खुशहाली होंगी इन महत्वपूर्ण तथ्यों पर भी श्री महेंद्र प्रताप सिंह ने ग्रामीणों को जागरूक किये। इस अवसर पर श्री पटेल ने यह भी बोले कि त्यौहार को भी हों किसी भी धर्म अथवा मजहब के हों प्रत्येक पर्व आपसी भाईचारा, सुख,शान्ति एवम उल्लास लेकर ही आम जनमानस मे आते हैं ऐसे समय मे हम सभी लोगों का भी नैतिक दायित्व हैं कि प्रत्येक पर्व पर स्थानीय उत्पादों को ही प्राथमिकता प्रदान करें इससे निजी खुशियाँ तो होंगी ही साथ ही देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होंगी। उक्त अवसर पर श्री महेंद्र प्रताप सिंह पटेल ने दीपोत्सव पर आम, अमलतास, पारिजात, कदम्ब इत्यादि पौधे रोपने के लिए भी प्रेरित किये।

### राष्ट्रहित सेवा संस्थान द्वारा किया गया पौधरोपण





**शंकरगढ़।** राष्ट्रहित सेवा संस्थान द्वारा नगर पंचायत शंकरगढ़ के चिकान टोला में वृक्षारोपण कर लोगों को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने बताया कि वृक्ष लगाने से पानी की समस्या समाप्त होती है और वातावरण हरा-भरा रहता है यहाँ पर सागौन के 100 और आंवला के 50 पेड़ लगाये गये इस मौके पर संतोष मिश्रा, प्रेमचन्द्र त्रिपाठी , अशोक कुमार त्रिपाठी,पुष्पेन्द्र पाण्डेय, रमई , राजा बाबू , सूबेदार , सत्यम सिंह , मयंक सोनी , रिषभ सिंह , अतुल सिंह , बालेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

### भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक आज

**करछना।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला यमुनापार की ओर से भाजयुमो मंडल भडेवरा में युवा शक्ति संवाद का कार्यक्रम शनिवार को स्थानीय भडेवरा बाजार में आयोजित किया गया है। जानकारी भाजयुमो मंडल भडेवरा के अध्यक्ष विकास पांडेय ने दी है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो जिला यमुनापार के जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय मौजूद रहेंगे।भाजपा युवा मोर्चा मंडल भडेवरा की नवगठित कार्यसमिति की पहली बैठक भी संपन्न होगी। मंडल अध्यक्ष ने सभी युवा भाजपाइयों से कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की है।

# जरूरतमंदों को पहुचाएं योजनाओं का लाभ : डॉ. अजय

**शहर से गांव लेकर जाएं दफ्तर,शंकरगढ़ में कैम्प लगाकर ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी, 13 विभागों ने लगाए स्टाल, लाभार्थियों ने करवाया पंजीकरण**

अखंड भारत संदेश





`मेगा किसान सम्मेलन का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते विधायक व विभागों के लगे स्टालों का निरीक्षण करते

**शंकरगढ़।** शहर के दफ्तर को लेकर गांव जाएं और लोगों की जरूरत को समझकर योजनाओं का लाभ प्रदान करें। जागरुकता के अभाव में अभी भी तमाम लोग योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं, इसके लिए गांव-गांव कैंप लगाए जाने की जरूरत है। यह बातें बारा विधायक डा. अजय कुमार ने कही।

विकास खंड शंकरगढ़ में आयोजित मेगा किसान सम्मेलन में बारा विधायक ने कैंप/ सम्मेलन की तारीफ की। कहा कि इस तरह के प्रयास से योजनाएं घर-घर पहुंच सकती हैं। इसी तरह के आयोजनों के जरिए लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा सकती है। विधायक ने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी सरकारी ड्यूटी तक सीमित न रहें। एक इंसान होने के नाते समाज के प्रति जवाबदेह बनें। समाज की फिक्र करें तो सरकारी योजनाएं खुद ब खुद गांव-गांव पहुंचने लग जाएंगी। और, इसका लाभ सीधे-सीधे जरूरतमंद तक पहुंचेगा। विभागीय अफसरों, कर्मचारियों के प्रयास से ही योजनाओं के संचालन और सम्मेलन के आयोजन की सार्थकता साबित होगी। सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय ने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जाए। इस तरह के आयोजनों से योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचती है। ग्रामीण इसका लाभ उठाएं। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का पंजीकरण भी करवाया गया।

**13 विभागों के लगाए गए काउंटर :** इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक ने दीप जलाकर किया। खंड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र ने बताया कि इस आयोजन में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ डाक विभाग, दिव्यांगजन, बाल विकास विभाग, आपूर्ति, कृषि, गोल्डेन कार्ड समेत कुल 13 विभागों के काउंटर लगाए गए थे, जहां लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था, गांव-गांव छूटे लाभार्थियों का पंजीकरण करवाकर उन्हे लाभांवित किया जा सके। कार्यक्रम में बीडीओ अमित कुमार मिश्र, एडीओ (पंचायत) रवींद्र नाथ कुशवाहा, बीज गोदाम प्रभारी तुलारामयादव, मुकेश सिंह, सौरभ कुमार, अनिल, चंद्रशेखर,ग्राम विकास अधिकारी दीपेश सिंह, राजेंद्र कुमार मौर्य, शशिकांत पटेल, प्रेमचंद्र सिंह, गौरीशंकर, सुधा गुप्ता, अनूप केसरवानी, कुलदीप सिंह, प्रधान पुष्पराज सिंह, परमेश्वर सिंह, गुलाब सिंह, डा. मंगलेश, मोहन यादव, मुन्नू, विजयराज, संतोष सिंह, केशव मिश्र, हजारीलाल, प्रभाकर सिंह, छैल बिहारी आदि मौजूद रहे।

## देशी पिस्टल व कारतूस के साथ शातिर गिरफ्तार

**घूरपुर।** इलाकाई पुलिस ने किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने जा रहे एक शातिर को पकड़ कर उसके पास से एक तमंचा और कई जिंदा कारतूस बरामद किया है । पकड़े गए शातिर के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है ।

घूरपुर थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार कुशवाहा शुक्रवार के दिन इलाके में गश्त पर थे ।तभी सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति दांदूपुर में किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए तमंचा लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही उक्त एसओ की टीम दांदूपुर स्थित जीपी मोटर्स सर्विस सेंटर के पास पहुंची तो बदमाश भागने ।पुलिस ने घेरकर युवक को पकड़ लिया।थाने ले आकर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक पंद्रह बोर का तमंचा व पांच जिंदा कारतूस बरामद किया है ।पुलिस ने पकड़े गये बदमाश का नाम आनंद कुमार गौतम निवासी पूरब पट्टी महेवा के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया है।





बैंक ऑफ बड़ौदा की समोगरा शाखा में एक्जास्ट पंखे के रास्ते घुसे चोर व घटना पता चलने पर तफ्तीश में जुटी पुलिस टीम।

# ठंड शुरू होते ही चोर हुए सक्रिय पुलिस पड़ी ढीली

अखण्ड भारत संदेश

**सिरसा।** थाना मेजा क्षेत्र में चोर हुए सक्रिय ठंड के दस्तक देने के बाद ही चोर पूरे तरीके से क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं जैसे-जैसे ठंड बढ़ेगी चोरी की सक्रियता भी बढ़ती जाएगी गुरुवार के मध्य रात्रि बैंक ऑफ बड़ौदा की समोगरा शाखा जो रामनगर बाजार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर उरूवा के सामने स्थित है। बीती रात चोर पीछे से एक एग्जास्ट के रास्ते से बैंक में दाखिल हो गए। गनीमत रही कि लॉकर तोड़ने में वह असफल रहे और मौका देख फरार हो गए। जब सुबह बैंक कर्मी पहुंचे तो बैंक में चोरी की सूचना पर हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी होने पर थाना प्रभारी अरुण कुमार चतुर्वेदी और चौकी प्रभारी सिरसा हरिचंद्र शर्मा को हुई तत्काल घटना स्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट गए हैं। बैंक कर्मियों की माने तो बैंक में लगा सीसीटीवी कैमरा पिछले कई दिनों से खराब पड़ा हुआ है। इसी तरह चोरों ने बैंक के पीछे स्थित श्रीमती धर्मशिला देवी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर उरूवा मेजा में चोरी का भरसक प्रयास किया गया। बताया जाता है कि विद्यालय के कार्यालय का ताला तो चोर नहीं तोड़ पाए जिस कमरे का ताला टूटा भी तो वह खाली था। वही देखा जाए तो ठंड आते ही चोर एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं । वही समूह बनाकर चोरी की घटनाएं को अंजाम दिए जाने से बस्ती वासियों सहित आस पड़ोस के ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है।

## सीजनी बुखार से रहें सावधान सेहत का रखें ध्यान : डॉ अमित

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** हरिओम चैरिटेबल ट्रस्ट सहसों बाईपास द्वारा शुक्रवार को सीजनल बुखार एवं डेंगू के चलते हरि ओम चिकित्सालय सहसों में एक गोष्टी का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित डॉक्टर अमित कुमार यादव ने कहा कि इस समय चल रहे संक्रमण रोग जैसे बुखार, खांसी, सर्दी, जुखाम में जरा सी लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है। इसमें जरा सी असावधानी आपके जीवन के लिए दुखदाई हो सकता है। अपनी सेहत का ख्याल रखते हुए आसपास की गंदगी से दूर रहें साफ सफाई का विशेष ध्यान दें चाहे घर हो या बाहर हो। घर के आस-पास गंदा पानी न जमा होने दें, उन्होंने कहा यदि बुखार दो से 3 दिन में नार्मल दवाओं से ठीक नहीं हो रहा है तो डेंगू बुखार होने का खतरा हो सकता है इसमें मरीज को तुरन्त खून की जांच करानी चाहिए हो सके तो तुरन्त बगैर देर किए एक अच्छे विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क करें। डेंगू के मुख्य लक्षण उन्होंने बताया जैसे तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, उल्टी आना, चक्कर महसूस होना, शरीर पर लाल रंग के चकत्ते पड़ना, भूख न लगना, भोजन के उपरांत भोजन न पचना आदि लक्षण हैं। डेंगू से बचाव के उपाय के बारे में डॉ अमित यादव ने कहा स्वच्छता रखें पानी को किसी जगह एकत्रित न होने दें मच्छर दानी का हो सके तो प्रयोग करें पूरी बांह की कमीज पहने ताजा संतुलित आहार का प्रयोग करें ताजे फल खाएं भोजन के साथ तुरन्त काटे हुए सलाद का प्रयोग करें। अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें लापरवाही न करें स्वस्थ रहें। इस मौके पर उपस्थित डॉक्टर संतोष, नीरज, राकेश कुमार, राजेश कुमार, शुभम, अवनीश, केसी पांडे आदि उपस्थित रहे।

# भगवान राम के आदर्शों पर चलकर हमे उच्च लक्ष्य हासिल करने की सीख भी मिलती है

अखंड भारत संदेश



जंघई रामलीला का मंचन करते रामलीला पात्र

**जंघई।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू रामलीला मंचन में हनुमान जी की स्तुति हे दुख भंजन, मारूति नंदन से शुरू हुआ रामलीला सेतुबंध रामेश्वर निर्माण, राम समुद्र संवाद, मंदोदरी रावण संवाद, रावण विभीषण संवाद, राम द्वारा विभीषण का राजतिलक, अंगद रावण संवाद, मेघनाद लक्ष्मण युद्ध, लक्ष्मण शक्ति, राम विलाप सुषेण वैद्य का आना, हनुमान का संजीवनी बूटी लाना और लक्ष्मण की मूर्छा टूटना तक का मंचन किया गया। रामलीला में रावण विभीषण संवाद और रावण अंगद संवाद की दर्शकों ने जमकर तारीफ की।लक्ष्मण शक्ति मे लक्ष्मण को तीर लगने का दृश्य और हनुमान का वायुमार्ग से संजीवनी बूटी लाना शानदार और कौतूहल भरा रहा। रामलीला देखकर भावुक हुए दर्शकों ने कहा कि भगवान राम के आदर्शों पर चलकर हमे उच्च लक्ष्य हासिल करने की सीख भी मिलती है। सीता, लक्ष्मण और भरत के चरित्रों से समाज को नई दिशा प्राप्त होने की शिक्षा भी मिलती है सैकड़ों दर्शकों ने आयोजको के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर लल्लन प्रसाद पांडेय, रंगनाथ उपाध्याय, माता दीन उपाध्याय, अरूण पांडेय, सूर्यमणि मिश्रा, मंगला उपाध्याय, रमेश तिवारी, कल्लू पांडेय पात्रों में अनिल पांडेय, अवधेश तिवारी, निखिल पांडेय, जितेंद्र उपाध्याय, शिवम मिश्रा, राजा तिवारी, विपिन मिश्रा, नागेश्वर मिश्रा, अनिल पांडेय, रवि उपाध्याय, पप्पू उपाध्याय, राकी पांडेय, मनीष तिवारी, मनीष तिवारी, सुनील उपाध्याय, अंकुश मिश्रा, छोटू उपाध्याय, कपिल उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, उदयराज उपाध्याय, कड़ेदिन मौर्य, लवकुश उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जहां सुमति तहां सम्पति नाना जहां कुमति तहां बिपति निदाना

अखंड भारत संदेश



कथा प्रवचन करते रामानंदाचार्य रामभद्राचार्य।

**धनूपुर।** हरीपुर मिश्रपुर गाँव में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिन कथा में तुलसी पीठाधीश्वर रामानंदाचार्य रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि जिस घर में आपसी प्रेम और सद्भाव होता है वहां सारे सुख और संपत्ति होती है और जहाँ आपस में द्वेष और वैमनष्य होता है उस घर के वासी दुखी व विपन्न हो जाते हैं। महाराज ने कहा रामायण हमें जीना सिखाती है अंतिम दिन की कथा में सीता हरण, लंका दहन, राम-रावण युद्ध, विभीषण का राज्याभिषेक सहित राजा राम के राज तिलक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया कथा व्यास ने श्रीराम कथा का वर्णन करते हुए कहा गया कि दूसरों की सम्पत्ति चाहे कितनी भी मूल्यवान हो उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं है। चौदह वर्ष वनवास पूर्ण करने के बाद भगवान श्रीराम जब वापस अयोध्या पहुंचे तो अयोध्यावासी खुशियों से झूम उठे। रामायण हमें आदर, सेवा भाव, त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की सम्पत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है, ऐसा सिखाती है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने दीन-दुखियों, वनवासियों आदिवासियों के कष्ट दूर करते हुए उन्हें संगठित करने का कार्य किया एवं उस संगठित शक्ति के द्वारा ही समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया। हर राम भक्त का दायित्व है कि पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। यह राम कार्य है।श्रीराम के राज्याभिषेक का वर्णन किया और बताया कि बुराई और असत्य ज्यादा समय तक नहीं चलता।अन्ततः अच्छाई और सत्य की जय होती है। अधर्म पर धर्म की जीत हमेशा होती आई है। श्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंग के दौरान पूरे पंडाल में पुष्पों की वर्षा भक्तों द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य यजमान हिरावती देवी, आयोजक प्रभात तिवारी पोहिला, अनिल तिवारी, गौतम तिवारी, बंटी तिवारी, सुदर्शन तिवारी एवं उपस्थित लोगों में अवधेश तिवारी, संजय तिवारी, बालकृष्ण तिवारी, बालकृष्ण शुक्ल, शारदा प्रसाद त्रिपाठी, सतीश त्रिपाठी, विनय कविसा, गायक जिला द्विवेदी, सौरभ तिवारी प्रधान हरीपुर, रंगलाल तिवारी, अशोक तिवारी, पवन तिवारी, कमलेश पांडेय, जवाहरलाल गौड़, सूर्यमोहन तिवारी, धीरज तिवारी, राधे मोहन पांडेय, विकास इलाहाबादी, शिवकुमार तिवारी, ज्ञान प्रकाश तिवारी, रामेश्वर तिवारी, सुमित तिवारी, विवेक मिश्रा, गौरव, हरिश्वर, शिवम, केशव पाठक, रमन गौड़ आदि लोग मौजूद रहे।

### भागवत कथा के अंतिम दिन कथा श्रवण को जुटी भक्तों की भीड़

**करछना।** क्षेत्र के हरई गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा श्रवण को भक्तो की भारी जुटी।कथावाचक दण्डी स्वामी विनोदानंद महाराज ने भागवत कथा का मर्म समझाते हुए बताया कि गोपियों के साथ महारास ब्रज की लीला का वर्णन करते हुए श्रोताओ को भाव विभोर कर दिया।इसके पूर्व कंस का वध, पाण्डवों की मदद, दुर्योधनादि का पतन एवं प्रेम के पर्याय सुदामा और कृष्ण की मित्रता की अनूठी झाकी प्रस्तुत कर खूब तालिया बटोरी। स्वामी जी ने धुमंगल के चरित्र का उल्लेख,बहेलिया के द्वारा श्रीकृष्ण का मारा जाना आदि की कथा सुन श्रोता झूम उठे।मुख्य यजमान उषा पाण्डेय एवं हरीशंकर पाण्डेय विधायक ने कथा व्यास एवं भागवत भगवान का माल्यार्पण किया।आयोजक संयोजक आशीष पाण्डेय एवं अजय पाण्डेय ने कथा सुनने के लिए आये सभी भक्तजनों का आभार ज्ञापित किया।

## खबर संक्षेप

### स्वयं आत्म निर्भर बने महिलाएं : शालिनी सिंह

**नैनी।** मिशन शक्ति फेस 3 अभियान के तहत शुक्रवार को महिला सब इंस्पेक्टर शालिनी सिंह नागर ने स्कूली छात्राओं को सरकार की ओर से जारी जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी। वहीं बालिकाओं व बच्चों की सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान के अंतर्गत वूमेन एंपावरमेंट एवं टोल फ्री नंबर 1090, 108, 112, 1076 नंबरों से अवगत कराया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे "मिशन शक्ति फेस 3 उनके अधिकारों, के बारे में जानकारी देते हुए नैनी कोतवाली में तैनात महिला उप निरीक्षक शालिनी सिंह नागर ने शुक्रवार को नैनी स्थित श्री राधा रमण महिला इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत कक्षा एक से लेकर इंटर तक छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क महिला, हेल्प लाइन नंबर व महिलाओं के सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को बताया कि आज प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के बराबर महिलाओं की भागीदारी है और वह स्वयं अपने आप में आत्मनिर्भर बन रही हैं। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या सहित शिक्षिकाएं एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

# कुख्यात आरोपी जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली से घायल

## जिगरी दोस्त का बदला लेने के लिए चलाया था बम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कर्नलगंज में लगातार दूसरे दिन हुई मुठभेड़ में एसओजी व स्थानीय पुलिस ने कुख्यात अपराधी महेंद्र भारतीय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का दावा है कि जवाबी फायरिंग में गोली लगने से वह जख्मी हो गया जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। वह 15 दिन पहले कटरा इलाके में हुई बमबाजी के मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस ने बताया कि 14 सितंबर को कटरा में रहने वाले हरिश्चंद्र की दुकान पर बमबाजी की गई थी। इस मामले में महेंद्र भारतीय का नाम सामने आया था। जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। अफसरों ने बताया कि शुक्रवार को उसकी एनी बेसेंट चौकी क्षेत्र में आने की सूचना मिली। पुलिस पहुंचकर इंतजार में जुटी थी तभी दो लोग बाइक पर आते दिखे। रुकने का इशारा करने पर फायरिंग करते हुए आयोध्या हॉस्टल की ओर भागने लगे।पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसमें पैर में गोली लगने से एक युवक गिर गया जबकि उसका साथी भाग निकला। मौकेपर पहुंचकर तलाश ली गई तो उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम महेंद्र भारतीय निवासी धूमनगंज बताया जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सीओ कर्नलगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि उस पर एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।



पुलिस मुठभेड़ में घायल कुख्यात अपराधी



मुठभेड़ के दौरान जानकारी देते पुलिस के अधिकारी

### जिगरी दोस्त की हत्या का बदला लेने में की थी वारदात

सूत्रों का कहना है कि पूछताछ में यह बात सामने आई है कि महेंद्र ने कटरा में बमबाजी की वारदात अपने दोस्त नान बच्चा यादव की हत्या का बदला लेने को की थी। करीब दो साल पहले उसके दोस्त नान बच्चा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कटरा निवासी दो भाई धीरज व नीरज समेत अन्य जेल भेजे गए थे। महेंद्र ने बताया कि उसने जिस हरिश्चंद्र पर बम से हमला किया, वह उसके दोस्त के हत्यारोपियों धीरज व नीरज का पिता है। सूत्रों का यह भी कहना है कि बमबाजी की वारदात में नान बच्चा के परिवार के ही एक व्यक्ति की संलिप्तता की बात सामने आई है। इस संबंध में जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल इस बारे में अफसरों का कहना है कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

### पूर्व लेखपाल की पांच सौ रुपए रिश्वत लेने पर हुई चार साल कैद की सजा व दो हजार का जुमार्ना

**जसरा।** बारा तहसील में तत्कालीन नियुक्त लेखपाल शिव मोहन सिंह पटेल की 13 वर्ष पूर्व 5 सौ रुपए रिश्वत लेने के मामले में चार साल कारावास एवं 2 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई गई है। जुमार्ना न देने पर एक माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। बताते चलें कि बारा थाना क्षेत्र के पिपराव गांव में स्थित जमीन के बंटवारे का विवाद आयुक्त की अदालत में चल रहा था। वहां से इम्तियाज अहमद की मां के पक्ष में निर्णय पर कब्जा दिलाने का फैसला दिया गया। 7 अगस्त 2008 को परगनाधिकारी बारा के यहां प्रार्थना पत्र दिया गया। जमीन पर कब्जा दिलाने की जिम्मेदारी तत्कालीन लालापुर के चिल्ला गौहानी निवासी लेखपाल शिव मोहन सिंह पटेल की थी। कब्जा दिलाने के लिए 13 अगस्त 2008 को इम्तियाज अहमद ने शिव मोहन सिंह पटेल से मुलाकात की। स्थानीय लोगों ने बताया कि रिश्वत मांगने की बात पर इम्तियाज ने प्रयागराज के भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो के लोगों से संपर्क किया तथा तहसील बारा के बगल स्थित एक होटल पर लेखपाल शिव मोहन सिंह पटेल को रिश्वत लेते हुए भ्रष्टाचार निवारक ब्यूरो के अधिकारियों ने रंगे हाथ पकड़ा था। जिसका मुकदमा विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण वाराणसी के कोर्ट में चल रहा था। जिस पर विशेष अदालत भ्रष्टाचार निवारण आलोक कुमार सिंह की कोर्ट ने पांच सौ रुपए रिश्वत लेने के मामले में लेखपाल शिव मोहन सिंह पटेल को 4 साल कारावास व दो हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई। लेखपाल के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद शिव मोहन सिंह पटेल वर्तमान में चिल्ला गौहानी गांव के ग्राम प्रधान निर्वाचित हुए हैं। वहीं शिव मोहन सिंह को कारावास होने की बात लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। 1- चुनाव के बाद से अब तक नहीं खुला है बैंक में खाता ग्राम प्रधान के निर्वाचन के बाद से अब तक प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से खाता भी नहीं खुला है। बता दें कि प्रधान और सचिव में किसी बात को लेकर विवाद होने के कारण खाता नहीं खुला।

# डीएम की चौखट पर फूट-फूट कर रोई 14 साल की मां

## नवजात शिशु के साथ डीएम दफ्तार के सामने गुहार लगाने पहुंची पीड़िता

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कलक्ट्रेट परिसर में पहुंची एक बालिका की गुहार अफसरों के सभी दावों को झुठला रही थी। भीतर विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति जन सुनवाइयों की समीक्षा कर रही तो बाहर 14 वर्ष की पीड़िता अपने परिवार वालों के साथ मुआवजा के लिए रो रही थी। शंकरगढ़ की बालिका वहशीपन का शिकार होकर इस उम्र में ही मां बन गई। वह अनुसूचित जाति जनजाति उत्पीड़न तथा अन्य मद से मुआवजे के लिए लगातार गुहार लगाती रही लेकिन महीनों बाद भी उसे मदद नहीं मिली। तथा अगस्त में मुख्यमंत्री के यहां भी आवेदन दिया था। मुख्यमंत्री कार्यालय से इस मामले में समुचित कार्रवाई का निर्देश भी दिया गया। इसके बावजूद बालिका को अभी तक मदद नहीं मिल पाई है। इससे दुखी बालिका और उसके परिजननों ने फिर कलक्ट्रेट में अर्जी दी और मदद की मांग की। आपको बताते चलें कि शंकरगढ़ की पीड़िता दो महीने के बच्चे के साथ गुरुवार को दिन भर कलक्ट्रेट परिसर में भटकती रही, लेकिन डीएम या अन्य किसी वरिष्ठ अफसर से मुलाकात नहीं हो सकी। शाम हो जाने पर कलक्ट्रेट के किसी कर्मचारी ने उनका आवेदन लिया, लेकिन इसके बाद किसी ने संपर्क नहीं किया। डीएम जनसुनवाई करके उठ न जाएं इसलिए एक मददगार के साथ पिता-बेटी सुबह छह बजे ही शंकरगढ़ से चल दिए। दो दिन के अथक प्रयास के बाद शुक्रवार को वह डीएम से मिलने में सफल रहे। डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा को बुला लिया, लेकिन उन्हें आश्वासन ही मिला। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने तीन लाख रुपये की मदद का आश्वासन दिया है, लेकिन इसके लिए कागजी कार्रवाई पूरी होने तक इंतजार करना पड़ेगा। अन्य किसी तरह की मदद तथा बच्चे के भरण-पोषण को लेकर पीड़ित परिवार को कोई ठोस आश्वासन भी नहीं मिला।



कलेक्ट्रेट में नवजात शिशु के साथ मां

#### जिलाधिकारी ने मदद का दिया भरोसा

डीएम संजय कुमार खत्री ने कहा कि ह्यबालिका को महिला सम्मान कोष के तहत मदद दी जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी को इसकी प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा गया है। बालिका एवं नवजात की और किस तरह से मदद की जा सकती है इसे देखा जा रहा है।

# धूल चेहरे पर थी, मैं आइना साफ करता रहा : डॉ बी के सिंह

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** शिक्षा ही सभी समस्याओं के निदान का मूल मंत्र है। बिना शिक्षा के व्यक्ति का व्यक्तित्व निखर नही सकता। इसलिए हर कीमत पर आने वाली पीढ़ी को शिक्षा से अभिमंत्रित करना हमारा कर्तव्य है। उक्त बातें अध्यक्ष जिला पंचायत प्रयागराज डॉ बीके सिंह ने विकास खंड कोरांव अंतर्गत अल्हवा गांव में आयोजित शिलान्यास और लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि हम इस बात के लिए भाग्यशाली हैं कि स्वार्थभाव से रहित और परमार्थ की भावना से ओतप्रोत नरेंद्र मोदी हमारे प्रधानमंत्री हैं। राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा और समर्पण उनके व्यक्तित्व में कूट कूट कर भरा हुआ है। वे हमेशा देशहित के लिए प्रयासरत रहते हैं। आगे कहा कि भाजपा ने जाति और धर्म से उठकर विकास किया है। विकास में किसी प्रकार का भेदभाव न होना भाजपाराज की प्रमुख विशेषता है। आगे कहा कि वे तुलनात्मक रूप से पिछड़े कोरांव क्षेत्र में 200 बेड के अस्पताल और विश्विद्यालय की स्थापना के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने इसके बावत मुख्यमंत्री से बात भी की है। विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में संतुलन पैदा हो जाएगा। उन्होंने गालिब के एक शेर को उध्दत करते हुए कहा कि धूल चेहरे पर थी और मैं आइना साफ करता रहा। इसके माध्यम से उन्होंने बताया कि शिक्षा के अलावा सर्वांगीण विकास का दूसरा रास्ता नही है। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार आपको रोटी तो दे सकती है मगर आपका सर्वांगीण विकास नही कर सकती। प्रधान अल्हवा द्वारा दस सूत्रीय ज्ञापन को ध्यान में रखते हुए उन्होंने क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह से कहा कि वे अल्हवा गांव के जरूरी विकास कार्यों का प्रस्ताव जिला पंचायत को दें। उन्हें पास कर गांव में विकास को गति देने का काम किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित भी किया। ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी ने गांव के विकास से संबंधित 10 सूत्रीय मांगपत्र भी उन्हें सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख मुकेश कुमार कोल तथा संचालन अहद अहमद सिद्दीकी ने किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे,बाबा तिवारी, राजेश सिंह,शशि द्विवेदी तथा प्रमोद मिश्र पयासी राव वीरेंद्र सिंह एडवोकेट आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत डीसी पाठक तथा ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक कुमार तथा प्रधान शहजादे ने मुख्य अतिथि को विकास पुरुष सम्मान पत्र दे कर अंगवस्त्रम सहित सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम को बिहारी लाल अंबर,साहिल मिजार्पुरी,आमिर शहजादे,तथा भाई लाल मौर्य,पन्नालाल मौर्य,हीरालाल एंड कंपनी ने बिरहा गीत के माध्यम से लोगों को खुश किया। कार्यक्रम में इलाके के ग्राम प्रधान बी डी सी मेंबर,आदि आम जनों महिलाओं आदि ने हिस्सा लिया। इस दौरान मेजा सर्किल की सभी थानों की महिला पुरुष फोर्स एक लारी पीएसी फोर्स मौजूद रही।



सम्मानित और अभिनंदन स्वागत होते जिला पंचायत अध्यक्ष,ब्लॉक प्रमुख,सदस्य जिला पंचायत गण



ग्राम पंचायत अल्हवा कोरांव में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आदि

कोरांव अंतर्गत ग्राम पंचायत अल्हवा में शिलान्यास और लोकार्पण समारोह में बोले जिला पंचायत अध्यक्ष

ग्राम पंचायत अल्हवा द्वारा मुख्य अतिथि को विकास पुरुष सम्मान पत्र भेंट कर किया गया सम्मानित

पत्रकारों और ब्लॉक प्रमुख सदस्य जिला पंचायतों सहित कई अफसरों कर्मियों को अंगवस्त्रम सहित मिसकिन सेवा सम्मान वर्ष 2021-22 से नेवाजा गया

## न्यूज झरोखा

### विकास मेले में विधायक ने योजनाओं की दी जानकारी



**मेजा रोड।** मेजा में लाभार्थी परक योजनाओं से लाभान्वित किए जाने हेतु ब्लाक कैंपस मेजा में बृहद कैंप का आयोजन किया गया,जिसमे मुख्य अतिथि मेजा विधायक नीलम करवरिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार प्रदेश के गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं को विस्तार से बताया। शुक्रवार को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजना से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने विकास मेले में शिरकत किया। मुख्य अतिथि विधायक नीलम करवरिया ने मंच से नीचे आकर आम आदमी की जन समस्याओं को सुना। विकास मेले में समाज कल्याण विभाग की योजना वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, कन्या सुमंगल योजना के बारे में बताया गया। स्वास्थ्य विभाग मेजा से अधीक्षक ओमप्रकाश ने कहा कि मेजा में 63 परसेंट लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। कैंप में विकास खंड परिषद में भी वैक्सीन लगाने का कार्य किया गया। कृषि विभाग से कृषि यंत्र वितरण प्रमाण पत्र दिया गया। पंचायत विभाग से स्वच्छ शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय पंचायत भवन निर्माण के बारे में जानकारी दी गई। श्रम विभाग की योजना मनरेगा में श्रमिकों के जॉब कार्ड संबंधित समस्याएं सुनी गई। स्वयं विधायक ने लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और उसे निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों से मौके पर निर्देशित किया। गरीबों को लाभान्वित करने के लिए खंड विकास अधिकारी मेजा सपना अवस्थी और मेजा प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने सभी योजना के बारे में बताया।इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रमाकांत पाण्डेय,सहायक विकास अधिकारी (को)विष्णु प्रभाकर मिश्र,समाज कल्याण अधिकारी कमलेश मिश्र,ब्लाक समन्वयक अर्चना श्रीवास्तव समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पिस्टल सटा बदमाशों ने रिटायर्ड कर्मचारी से पचास हजार लूटे

**हंडिया।** हंडिया कस्बा में स्थित एक बैंक से पचास हजार रूपए निकाल कर मोपेट बिक्की से घर जा रहा एक रिटायर्ड कर्मचारी को बाइक पर सवार बदमाशों द्वारा लूट का शिकार हो गया। उतरांव थाना क्षेत्र के मुलनापुर गांव निवासी मुमताज हुसैन सीओडी प्रयागराज से अवकाश प्राप्त कर्मचारी हैं। अपने एक रिश्तेदार की बेमारी में मदद देने के लिए शुक्रवार को हड़िया कस्बा में स्थित एक बैंक से पचास हजार रुपए निकाले। रूपया एक थैली में रखकर अपनी मोपेड की डिग्गी में डाल दी। उसके बाद बाबूपुर मसिजद में जाकर नमाज अदा की। नमाज अदा करने के बाद अपने घर के लिए निकला । लगभग तीन बजे दिन में जैसे ही वह शरीफपुर गांव के समीप उसर के पास पहुंचा। उसी समय बाइक सवार दो बदमाशों ने ओवर टेक करके जबरन रोक लिया। मुमताज कुछ समझ पाते तब तक बदमाशों ने उन्हें कई थप्पड़ जड़ दिया तथा दोनों बदमाशों ने तमंचा सर पर लगा कर जबरन डिग्गी में रखा पचास हजार रुपए और कुछ चेक बुक निकाल कर भाग गये। भुक्तभोगी द्वारा फोन से लूट की सुचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सरे राह इस वारदात से लोगों में भय का माहौल व्याप्त है। सुचना पर क्षेत्राधिकारी हड़िया भीम कुमार गौतम, कोतवाल ब्रजेश सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे। पुलिस जांच में जुटी।

### नौजवानों ने किया रक्तदान, तैयार होगा प्लेटलेट

**प्रयागराज।** झूंसी स्थित महर्षि सदाफल आश्रम में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन सद्गुरु संत आचार्य स्वतंत्रदेव जी महाराज के सुपुत्र संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। एक साथ यहां 70 नौजवानों ने रक्तदान किया। तेजबहादुर सप्रू अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रक्तदान कराया। इस ब्लड से ब्लड बैंक में प्लेटलेट भी तैयार किया जाएगा ताकि डेंगू महामारी के इस दौर में मरीजों की जान बचाई जा सके। ब्लड बैंक की टीम में डा. पंकज यादव, डा. हेमंत शुक्ला, अभिनव यादव, आलोक कुशवाहा, उपासना, धीरज त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र सिंह समेत अन्य स्टाफ मौजूद रही ' रक्तदान शिविर में संत नामदेव जी महाराज ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। निर्धारित अवधि के अंतराल पर रक्तदान करने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है। कहा कि हमारे वीरे सपूतों ने नारा दिया था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, आज मैं यह नारा दे रहा हूं.. आप खून दो और रोग से आजादी पाओ। डा. एसके राय ने भी रक्तदान की महत्ता के बारे में जानकारी दी। आयोजक रामबाबू केसरवानी ने कहा कि हम लोग प्रतिवर्ष आज के ही दिन रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं। संचालन डा. सच्चिदानंद ने किया। इस मौके पर शंकरदेव त्रिपाठी, विजय बहादुर सिंह, डा. पंकज दुबे, विनोद भादरका, योगेंद्र गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, नागेंद्र नाथ तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

### भाजपा महिला मोर्चा की हुई बैठक




**सहसों।** भाजपा गंगा पार की महिला मोर्चा ने शुक्रवार को कमल शक्ति संवाद का कार्यक्रम बैठक के द्वारा ग्राम सभा कोडरू में बहादुरपुर मंडल अध्यक्ष ललिता पटेल के आवास पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा पार महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती अग्रवाल जी ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि महिला मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया जी ने कार्यक्रम में उपस्थित आशा बहुये, आंगनवाड़ी एवं समूह की महिलाओं को प्रधानमंत्री मोदी जी की योजनाओं से अवगत कराया और भाजपा की सदस्यता के लिए जागरूक किया और 2022 के चुनाव पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में प्रभारी वन्दना सिंह, क्षेत्रीय मंत्री गीता विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष सोना देवी, जिला उपाध्यक्ष संजू शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष रीता त्रिपाठी, कार्यालय प्रभारी साधना तिवारी, महालक्ष्मी तिवारी,सदस्य संगीता श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष शकुंतला शुक्ला, ममता सिंह आदि महिलायें उपस्थित रहीं।

# कमल शक्ति संवाद के माध्यम से घर-घर तक पहुंचेगी भाजपा : नम्रता चौरसिया

अखंड भारत संदेस

**करछना।** शुक्रवार को करछना ब्लाक परिसर के सभागार में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महिला मोर्चा के द्वारा कमल शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सविता मिश्रा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा यमुनापार ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नम्रता चौरसिया क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा काशी क्षेत्र, वंदना सिंह क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा काशी क्षेत्र रही। मुख्य अतिथि नम्रता चौरसिया ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहां की देश और प्रदेश की सरकार महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनने के लिए तरह-तरह की योजनाएं चला रखी है। हमारे लिए गर्व है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदैव महिलाओं के हितों को ध्यान में रखा है। साथ ही उन्हें सम्मान दिलाने के लिए वे सदैव प्रयासरत है। महिलाओं के सम्मान में स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय, उज्जवला योजना के तहत मुफ्त में गैस सिलेंडर, प्रधानमंत्री आवास के साथ गांव में महिलाओं को सशक्त स्वालंबन के लिए मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें प्रत्येक गांव में छोटे-बड़े कई सहायक समूह के माध्यम से स्वरोजगार उपलब्ध कराने का काम किया है। जिसे लाभान्वित महिलाएं अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रही है। भाजपा की सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी अभियान के तहत कई कार्य कर रही है जो किसी उपलब्धि से कम नहीं है और अब महिलाओं को घर से निकलने में डर नहीं लगता और ना ही परिवार के लोग भयभीत होते हैं। बल्कि अपराधी भयभीत होकर छुप जाते हैं। जिस मौके पर बड़ी संख्या में समूह से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहे।




कार्यक्रम में शामिल महिला मोर्चा की महिलाएं

# सहकारिता के क्षेत्र में इफको का कार्य सराहनीय : सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** सतर्कता हमारे जीवन शैली का एक प्रमुख अंग है, हम अपने कार्यस्थल पर किस प्रकार सतर्कता बनाए, यह हमारे स्वभाव पर निर्भर करता है। हम अपने दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक करें, जिससे पारदर्शिता भी बनी रहे। यह बातें गुरुवार को इफको में सतर्कता जागरूकता अभियान के समापन अवसर पर इफको के अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कार वितरण के बाद संबोधित करते हुए प्रयागराज के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि आज जो लोग सोच रहे हैं, इफको उसको करके दिखा रहा है, नैनो यूरिया से पूरे देश को फायदा होगा,साथ ही साथ इस तकनीक से मानवता को भी सीधे लाभ होगा। सहकारिता लोगों को जोड़ने की प्रेरणा देती है। इसलिए इफको बधाई के पात्र हैं। इकाई प्रमुख इफको फूलपुर संजय कुदेशिया ने कहा कि आईटी क्रांति ने भी इफको सतर्क है,इफको के सभी विभाग व सेवाएं ऑनलाइन हैं। आदमी की तरक्की होगी तो देश की भी तरक्की होगी। उन्होंने कहा कि कृषि और सहकारिता एक दूसरे के पूरक हैं। नैनो यूरिया ने पूरे विश्व में अपना पेटेंट करार किया है। आने वाले दिनों में नैनो यूरिया किसानों की आय दुगनी करेगी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। सतर्कता जागरुकता अभियान के अध्यक्ष संजय वैश्य संयुक्त महाप्रबंधक तकनीकी एंव सचिव डी.के. शर्मा मुख्य प्रबंधक सतर्कता की देखरेख में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सतर्कता जागरुकता अभियान-2021 का विषय स्वतंत्र भारत में सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता रहा। सतर्कता जागरूकता अभियान के अध्यक्ष संजय वैश्य संयुक्त महाप्रबंधक तकनीकी ने कहा यह सप्ताह हम इसलिए मनाते है ताकि हमें यह याद रहे कि हम सब हमेशा सतर्क एंव जागरुक है। सतर्कता जागरूकता अभियान के प्रमुख डीके शर्मा मुख्य प्रबंधक सतर्कता ने कहा कि इफको द्वारा स्थापित विश्व का पहला नैनो फर्टिलाइजर किसानों की आय दोगुनी करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। धन्यवाद ज्ञापन संतोष शुक्ला महाप्रबंधक आईटी ने किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का ऑनलाइन शुरूआत माननीय प्रबंध निदेशक डॉ यू यस अवस्थी द्वारा किया गया। सतर्कता जागरुकता सप्ताह में निबंध ,क्विज,स्लोगन एंव कविता,तथा परिचर्चा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एंव पुरस्कार विजेताओं को समापन समारोह में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन वित्त एवं लेखा विभाग प्रमुख संतोष कुमार सिंह द्वारा किया गया। इफको ऑफीसर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मिश्र व महामंत्री स्वयं प्रकाश एंव इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, संयुक्त महाप्रबंधक एम डी मिश्रा , पी के सिंह, संजय भंडारी एंव बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता विषयःआज के जीवन में सूचना उपकरणों का उपयोग करते समय सतर्क रहना में एस.के.सिंह, प्रीति शुक्ला,श्रुति सिंह,वंदना पांडेय,अनुश्री तथा स्लोगन विषय-संगठन की श्रेष्ठता के लिए सतर्कता प्रतियोगिता रजनी तोमर,अन्यया श्रीवास्तव,सूर्य मनि पांडेय,अंकिता कुमारी,शिवांशू तिवारी पुरस्कृत किए गए। कविता प्रतियोगिता में ए.के.श्रीवास्तव, राम कृष्ण द्विवेदीश्लोक प्रजापति,श्रुति सिंह,वंदना वर्मा,प्रीति शुक्ला ने बाजी मारी। क्विज प्रतियोगिता मेंअनिमेश कुमार सिंह, यतेन्द्र कुमार सिंह, अरविंद चौहान,स्वप्निल गुंजाल, राजेश कुमार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही परिचर्चा प्रतियोगिता विषयःसोशल मीडीया पर सतर्क रहना में स्वपनिल गुंजाल, अशोक श्रीवास्तव,सोनू तिवारी एंव नीतू सिंह, संतोष कुमार सिंह,अंकिता कुमारी को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार दिया गया।



इफको में दीप प्रज्वलन करते डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, शनिवार
30.10.2021





# निर्माण कार्य में ईट की गुणवत्ता ठीक न होने मण्डलायुक्त ने लगायी फटकार

## मण्डलायुक्त ने महिला चिकित्सालय, पालीटेकिन्क कालेज व मिनी स्टेडियम का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त प्रयागराज संजय गोयल ने जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार के साथ मेडिकल कालेज के महिला चिकित्सालय, पालीटेकिन्क कालेज कहैनिया व सरसीखाम के मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने महिला चिकित्सालय के लेबर रूम, एस0एन0सी0यू0, जनरल वार्ड, स्टोर रूम, अल्ट्रासाउण्ड कक्ष एवं ऑक्सीजन प्लान्ट का अवलोकन किया। इस दौरान महिला चिकित्सालय की डाक्टर नीलिमा सोनकर ने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन 20-25 महिलाओं की डिलीवरी करायी जाती है। मण्डलायुक्त ने नूर अफरोज निवासी मनेहू मानधाता से भर्ती मरीज का हाल-चाल जाना तथा अस्पताल में दिये जा रहे निःशुल्क भोजन एवं दवा के सम्बन्ध में जानकारी ली तो बताया गया कि भोजन एवं दवायें प्राप्त हो रही है। नोडल अधिकारी ने भर्ती मरीज भंगवा गांव की महिला



के परिजन से वार्ड में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। नोडल अधिकारी ने मेडिकल कालेज के प्राचार्य को निर्देशित किया कि जिन महिलाओं के बच्चे एस0एन0सी0यू0 यूनिट में भर्ती है उनके साथ आये हुये परिजनों के रहने एवं पेयजल की उचित व्यवस्था करायी जाये। अस्पताल में अल्ट्रासाउण्ड मशीन के एक माह से खराब होने की जानकारी पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की और मुख्य चिकित्साधिकारी व मेडिकल कालेज के प्राचार्य को निर्देशित किया कि तत्काल अल्ट्रासाउण्ड की व्यवस्था चालू करायें। उन्होने कहा कि पैथालाजी से सम्बन्धित समस्त जाचें अस्पताल में ही मरीजों को उपलब्ध करायी जानी चाहिये। स्टाफ के सम्बन्ध में जानकारी लेने पर प्राचार्य मेडिकल कालेज ने बताया कि हास्पिटल में सीनियर रेजीडेन्ट एवं कन्सलटेन्ट पर्याप्त उपलब्ध है किन्तु पैरामेडिकल स्टाफ की कमी है जिस पर नोडल अधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि इसकी वैकल्पिक व्यवस्था एन0आर0एच0एम0 से करायी जाये। उन्होने मेडिकल कालेज के प्राचार्य को पुरूष चिकित्सालय की व्यवस्था दुरूस्त कराने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने सरसीखाम में खेलो इण्डिया के तहत बन रहे रूपये 14 करोड़ 56 लाख की लागत से निर्मित मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने पट्टी क्षेत्र के कहैनिया में बन रहे पालीटेकिन्क कालेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पालीटेकिन्क कालेज की धीमी प्रगति पर नाराजगी जतायी और तेजी से कार्य कराने के निर्देश दिये। मानक के अनुसार ईट न प्रयोग किये जाने व पालीटेकिन्क कालेज के धीमी प्रगति पर जल निगम के जेई डीके यादव को फटकार लगायी। पालीटेकिन्क कालेज के निर्माण में 4 करोड़ की पहली किस्त शासन द्वारा दी जा चुकी है अभी तक निर्माण में 4 करोड़ 30 लाख खर्च किये जा चुके है।

# व्यापारी से आठ लाख की रंगदारी मांगने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

## महेशगंज पुलिस ने मामले का किया खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वादी विनोद कुमार केसरवानी पुत्र अनोखेलाल केसरवानी नि0 हीरागंज थाना महेशगंज द्वारा थाना महेशगंज पर सूचना दी गई कि उनके मोबाइल नम्बर पर एक व्यक्ति द्वारा फोन कर गाली गलौज हुए धमकी दी जा रही है और आठ लाख रू0 की मांग की गई है। इस सम्बन्ध में वादी की तहरीर पर थाना महेशगंज पर तत्परता से समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया किया था।

इसी क्रम में उ0नि0 विवेक कुमार मिश्रा मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के अंजनी पुल के पास से उक्त अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त बबलू सरोज पुत्र राम मनोहर सरोज नि0 पिंगरी थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से उक्त घटना से सम्बन्धित मोबाइल फोन व सिम बरामद कर लिया गया है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त बबलू सरोज उपरोक्त द्वारा बताया गया कि मैं हीरागंज बाजार के सुभाष केसरवानी पुत्र स्व0 शंकरलाल केसरवानी के यहां पेंटिंग के काम से आता जाता था, जिससे मेरी उनसे बात-चीत होती थी। एक दिन सुभाष केसरवानी ने मुझसे कहा कि बाजार के उमंग केसरवानी व उनके पिता को फोन करके तुम गाली और जान से मारने की धमकी दो, ये लोग घमण्ड में रहते है तथा सुभाष ने ही उनका नम्बर दिया। मेरे पास फर्जी आईडी पर लिया गया सिम है, जिससे मै उमंग केसरवानी व उनके पिता को कई बार फोन करके गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दिया लेकिन उधर से कोई विरोध नही हुआ। मुझे लगा कि ये लोग डर गये है और इनसे रंगदारी मागूंगा तो दे देंगे तो मैने मैसेज करके आठ लाख रू0 की मांग की थी। आज मै धमकी देकर रंगदारी का पैसा लेने की फिराक में था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताये गये तथ्यों के सम्बन्ध में जांच व कार्यवाही की जा रही है।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना हथिगवां से उ0नि0 शेषनाथ सिंह यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 224/20 धारा 306 भादवि से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त मोहित कुमार पटेल पुत्र कीशी प्रसाद पटेल नि0 शिवरामपुर थाना हथिगवां को थाना क्षेत्र के शिवरामपुर से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना फतनपुर से उ0नि0 अमित सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 169/21 धारा 363, 366 भादवि से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त अभिषेक उर्फ राजा बाबू विश्वकर्मा पुत्र सुरेश विश्वकर्मा नि0 पूरे गोसाई, घूरीपुर थाना फतनपुर को थाना क्षेत्र के सुवंसा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया।





# स्काउट गाइड जिला परिषद् की बैठक संपन्न

## 15 दिसम्बर को निकली स्काउट गाइड की जिला रैली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ.प्र. भारत स्काउट और गाइड संस्था की परिषदीय बैठक जिलाध्यक्ष डा. निशाकांत ओझा की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्काउट भवन में संपनन्‍ हुई जिसमें जनपद में प्रथम, द्वितीय, तृतीय सोपान के प्रशिक्षण, सदस्यता और प्रशिक्षकों की संख्या में वृद्धि, पर्यावरण, जागरूकता, माजोपयोगी कार्यक्रमों के आयोजन आदि बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

इस दौरान तय किया गया कि स्काउट गाइड की जिला रैली 15 दिसंबर तक जीआईसी प्रतापगढ़ में तथा इसके पूर्व तहसीलवार रैली भी आयोजित की जाएंगी। मुख्यायुक्त/जिवविवनिव सर्वदानंद ने सभी पदाधिकारियों को प्रभावी कायन्योजना बनाकर जनपद में स्काउट गाइड की गतिविधियों को सामने लाने की बात कही। अध्यक्ष डा.निशाकांत ओझा ने सबके सहयोग और प्रयास का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव डा.राघवेंद्र पाण्डेय तथा आभार ज्ञापन जिला गाइड आयुक्त गीता यादव ने किया। बैठक में जिला स्काउट आयुक्त प्रमोद तिवारी, एएलटी तृप्ति गुप्ता, कोषाध्यक्ष गरिमा श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव राजेंद्र बहादुर सिंह, सहायक जिला आयुक्त स्काउट डा.अनुपम ओझा, डीटीसी संजीव शर्मा, सदस्य नरेंद्र तिवारी, डीओसी गाइड नीलम शुक्ला, जिला स्काउट मास्टर सुशील सिंह, रामचंद्र मिश्र ,डा. सुरेश शुक्ल, ज्योति श्रीवास्तव, अवधेश विश्वकर्मा, राजाराम यादव, प्रशिक्षक दीपक बरनवाल, विकास यादव आदि उपस्थित रहे।

## एकमुश्त समाधान योजना के तहत लगाया गया कैम्प

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को पट्टी नगर स्थित दीपक जन सेवा केंद्र के सामने विद्युत विभाग के एसडीओ एसबी प्रसाद के नेतृत्व में एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत मेगा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 2 किलो घरेलू व कमशिन्यल के 2 किलो वाट तक के उपभोक्ताओं के लिए शत प्रतिशत ब्याज मुक्त बिजली का बिल जमा करने की छूट दी गई है यह कैंप सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। एस डी ओ एस बी प्रसाद ने बताया कि सरकार की तरफ से उपभोक्ताओं को विशेष छूट दी जा रही है जिसके लिए 10-12 टीम लगाई गई है यह योजना आगामी 30 नवंबर तक चलेगी इस अवसर पर जेई मुकेश साहनी पट्टी उपखंड के बड़े बाबू निखलेश कुमार मीटर रीडर सुपरवाइजर मोहम्मद नसीम उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार पांडे दीनदयाल पांडे अजय कुमार यादव फूलचंद अवधेश कुमार चंदन शर्मा लाइनमैन कपिल राजेश राम इकबाल अजय पाल के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धा व संकल्प के साथ मनी भन्ते सुगतानन्द की पुण्यतिथि

## समन्वय सेवा संस्थान द्वारा बुद्ध बिहार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समन्वय सेवा संस्थान के तत्वावधान में सुगतानन्द बुद्ध विहार सई नदी तट पर आयोजित पूज्य भन्ते सुगतानन्द की पुण्यतिथि श्रद्धा व संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनपद सहित सुल्तानपुर, प्रयागराज, रायबरेली व अमेठी के श्रद्धावान उपासक/उपासिकाएं शामिल होकर उनकी पुण्य स्मृति को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

कार्यक्रम का बुद्धारम्भ पावन भिक्षु संघ द्वारा दीप प्रज्वलन कर पूज्य भंते भदंत कल्याण मित्र द्वारा त्रिशरण व पंचशील व आनापानसति (ध्यान साधना) के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश लखनऊ के अध्यक्ष भदंत शांति मित्र ने भंते सुगतानन्द की पावन स्मृतियों को याद करते हुए अनेक स्मरण संस्मरणो को याद किया और उनके बताए हुए मार्ग पर सभी को चलने के लिए आवाहन किया। कार्यक्रम में जनपद में पहली बार सफल ऐतिहासिक



वर्षावास का अधिष्ठान पूर्ण कर चुके वर्षावास अधिष्ठाता पूज्य भंते कमल शील को भन्ते धम्मदीप, भन्ते अश्वजित सहित पावन भिक्षु संघ द्वारा उपहार प्रदान किया गया। उपासक व उपासिकाओ के संघ ने पावन भिख्खू संघ को पवारणा पर्व के रूप में भोजनदान, ध्यानसाधना के साथ चीवर दान, अष्टपरिष्कार दान पारमिता के कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंजी लाल बौद्ध ने किया। इस अवसर पर बहन लीलावती, आर0ए0 कोविद, रोशनलाल उमरवैश्य, तरुणेश मिश्र, जय प्रताप सिंह, श्री राम उमर वैश्य, प्रीति बौद्ध, रजनी, मधु सरोज, प्रगति राज, प्रखर राज रतन, जसवंती बौद्ध, गया प्रसाद स्वावलम्बी, बद्री बौद्ध, ऋषि कुमार, वेद प्रकाश, शिवम प्रचण्ड, शशांक शेखर, सुनील कुमार, शिव कुमार, सुरेंद्र प्रताप बौद्ध, जय प्रकाश, उमेश चन्द्र, दिनेश कुमार, सुनील कुमार, शिव कुमार आदि भारी संख्या में श्रद्धालुओं सामुहिक भोजन व कार्यक्रम में अपनी इकठ्ठा हुए। कार्यक्रम के अंत मे संचालन कर रहे राकेश कननैजिया ने बुद्ध विहार के विकास पर बल देते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# एलएलबी में स्वस्ति को मिली 85वीं रैंक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महाराष्ट्र राज्य सरकार की एल एल बी में प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा में नगर की बेटी स्वस्ति श्री शर्मा ने पूरे देश में सम्मिलित सोलह हज़ार से अधिक प्रतिभागियों में 85 वीं रैंक लाकर जनपद का नाम रोशन किया है। स्वस्ति श्री को कुल 150 में 126 अंक प्राप्त हुए जबकि प्रथम अभ्यर्थी को 139 अंक मिले हैं। स्वस्ति श्री के पिता डॉक्टर पीयूष कान्त शर्मा एम डी पी जी कॉलेज में प्राचीन इतिहास के विभागाध्यक्ष एवं प्रोफ़ेसर हैं। स्वस्ति की इस



अभूतपूर्व सफलता से पूरे घर में ख़ुशी का माहौल है। स्वस्ति कानून की पढ़ाई कर न्यायाधीश बनना चाहती हैं। स्वस्ति ने अपनी सफलता का श्रेय बड़ों के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन को दिया है।

## पूर्व विधायक दामोदर के निधन पर प्रमोद हुए दुःखी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने पार्टी के पूर्व विधायक दामोदर शर्मा के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख जताया है। श्री तिवारी ने कहा कि दामोदर शर्मा जी कठिन परिस्थितियों में भी कभी विचलित नहीं होते हुए पार्टी की मजबूती तथा जनता की मुखर आवाज के लिए सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। प्रमोद तिवारी ने कहा कि दामोदर शर्मा के आकस्मिक निधन से उन्होने भी अपने बड़े शुभचिंतक तथा बड़े भाई की तरह मिलने वाले पारिवारिक सन्हे की रिक्तता की पीड़ा महसूस की है।

# मरीज और प्रकृति की सेहत में कारगर होगी बच्चा बैंक की दवाएं

## घर घर जाकर दवा एकत्र करने, जागरूकता का चलेगा बीबीएफजी का अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बीमारी से छुटकारा मिल जाता है तो बची दवाओ को भला कौन पूछता है, सिवाय कूड़े के। अब ऐसा नहीं होगा। बची दवाओं को लोगों से एकत्र कर उन्हें स्वास्थ्य महकमें को दान किया जायेगा। जो महकमें के जरिये जरूरतमंद मरीज तक पहुंचेगी। इसके दुष्प्रभाव से प्रकृति को होने वाले नुकसान और ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को भी कम किया जा सकेगा। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने मरीज के साथ साथ प्रकृति की सेहत को सुधारने का बीड़ा उठाया है। इसके लोग दवाओं के फेंकने से धरा को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करेंगे। लोगों से दवाओं का दान भी लेंगे। ग्रुप की इस संबंध में मुख्य

### एकत्र दवाओं को स्वास्थ्य महकमे को की जायेगी दान



चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके श्रीवास्तव से वार्ता हुई है। उन्हें इस आशय का एक पत्र भी दिया गया है। मरीज चंगा हो जाने के बाद बची हुई दवाओं की तरफ लोगों का ध्यान कम ही जाता है। आजकल के चक्कर में ये पड़ी रह जाती है। एक दिन कूड़े में चली जाती हैं। मिट्टी में मिलते ही ये अपना असर दिखाना शुरू कर देती हैं। इसका दुष्प्रभाव आसपास के पेड़ पौधों पर पड़ता ही। इससे ग्लोबल वार्मिंग को भी नुकसान पहुंचने की संभावना बनी रहती है। ग्रुप के सहयोगी डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने बताया कि सीएमओ को पत्र दिया गया है। उन्होंने सहयोग की बात कही है।

### जगह जगह बनेगे कलेक्शन सेंटर

**प्रतापगढ़।** दवाओं को एकत्र करने के लिये शहर में जगह जगह कलेक्शन सेंटर बनाये जाएंगे। ग्रुप के लोग इन सेंटरों से दवा एकत्र करेंगे। उनकी लिस्ट बनाकर सीएमओ दफ्तर को बांटने के लिए दी जायेगी। ग्रुप के फाउंडर राजेश कुमार का कहना है कि लोग जो भी दवाएं कलेक्शन सेंटर पर दें। उन पर एक्सपायरी स्पष्ट अंकित हो। खुली और एक्सपायरी दवा न दें।

# कविता संग्रह का विमोचन 10 नवम्बर को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के प्रथम लोकतंत्र रक्षक सेनानी एवं वरिष्ठ साहित्यकार पंडित रामसेवक त्रिपाठी प्रशांत एडवोकेट द्वारा संकलित सत्य का संबल तुम्हारे पास है, झूठ का आलम्ब लेना छोड़ दो पर आधारित रचनाकारों की विविध कविताओं के संग्रह सत्य का सम्बल का विमोचन समारोह 10 नवंबर को जनपद मुख्यालय पर आयोजित किया जा रहा है। साहित्य शिरोमणि आद्या प्रसाद उन्मत्त द्वारा स्थापित साहित्यिक संस्था कविकुल की ओर से प्रकाशित इस काव्य संकलन का विमोचन टीकरमाफी आश्रम (अमेठी) के परमसंत स्वामी हरिचैतन्य ब्रह्मचारी महाराज द्वारा सम्पनन्‍ होगा। यह जानकारी कविकुल अध्यक्ष परशुराम उपाध्याय सुमन ने दी।

# मजबूत न्याय प्रणाली में ही निहित है आजादी का अमृतः नीरज त्रिपाठी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सनतकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को विधिक साक्षरता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव को लेकर आयोजित विधिक साक्षरता को संबोधित करते हुए न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जरूरतमंदों को पूर्ण न्याय की उपलब्धता ही आजादी का सही मायने में अमृत है। उन्होंने छात्र छात्राओं से कार्यक्रम के जरिए सीधा संवाद करते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण के जरिए लोगों के मौलिक अधिकार के संरक्षण के बावत अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारियां प्रदान की। न्यायाधीश नीरज ने कहा कि आजादी का मूल सिद्वांत न्यायप्रिय समतापरक समाज की मजबूत स्थापना तथा लोगों के अधिकारों को संरक्षित करना है। विशिष्ट वक्ता रूरल बार एशोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने लोकतंत्र के मजबूत उपक्रम के तहत संविधान में मिले नागरिक अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार जावेद अंसारी व संचालन कुलानुशासक डा0 अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 अमित सिंह ने संगोष्ठी के ध्येय पर प्रकाश डाला।

# सई नदी में कूदी युवती, मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर में सई नदी के गाय घाट पुल से शुक्रवार को एक युवती ने नदी में छलांग लगा दी जिससे वहां दर्शकों व मछुआरों ने पुलिस की मदद से शव को निकालकर अस्पताल पहुंचाया लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। घटना के बाद घटना स्थल पर काफी भीड़ लग गई थी। पुलिस ने पहुंचकर भीड़ को हटाया और पीआरवी की पुलिस ने अपनी गाड़ी से युवती को मेडिकल कालेज ले आए लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लोगों का कहना है कि यदि एम्बुलेंस मिल गई होती तो शायद उसकी जान बच जाती क्योंकि जब वह नदी से निकाली गई तो उसकी सांस चल रही है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना हथिगवां से प्रभारी निरीक्षक चन्द्रभान सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र हथिगवां के नहर पुलिया बेंती मंदिर के पास से एक व्यक्ति बिन्देश्वरी प्रसाद यादव पुत्र बैजनाथ यादव नि0 सिपाही का पुरवा, बेंती थाना हथिगवां को 01 किलो 180 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना रानीगंज पर मु0अ0सं0 215/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## शटर तोड़कर लाखों के सामान की चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के महेशगंज थाना क्षेत्र के इलाके में चोरों के आतंक से लोग परेशान है आये दिन किसी न किसी को अपना शिकार बना रहे है। थाना क्षेत्र के रायगढ़ श्रीयांशी इंडियन गैस एजेंसी के संचालक विजय केसरवानी की दुकान में 27/28 की बीती रात अज्ञात चोरों ने शटर को तोड़कर अंदर रखा, इनवर्टर बैटरी लैपटॉप मोबाइल एंड्राइड फोन नगदी समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चुरा ले गए चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई श्रीयांशी इंडियन गैस एजेंसी रायगढ़ के संचालक विजय केसरवानी ने शुक्रवार को महेशगंज थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया पुलिस छानबीन में लगी।

## 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

**प्रतापगढ़।** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को आबकारी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र लालगंज के अंतर्गत कोतवाली लालगंज के ग्राम हन्दौर व बल्दियान में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 20 लीटर अवैध कच्ची शराब को जब्त किया गया तथा लगभग 300 किलोग्राम लहन को मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में कोतवाली लालगंज में एफआईआर पंजीकृत कराते हुए कुल तीन मुकदमे आबकारी अधिनियम में दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### दीपावली मेला का सांसद ने किया शुभारंभ

**कौशाम्बी।** सांसद विनोद सोनकर ने डायट परिसर में लगाई गई दीपावली मेला का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा स्टालों का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधयक लाल बहादुर, डीएम सुजीत कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा उपस्थित रहें। बतां दें कि नगर विकास विभाग के निर्देश पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर के द्वारा डायट मैदान में तीन दिवसीय दीपावली मेंले का आयोजन किया गया है। जिसका गुरूवार को सांसद ने फीता काटकर उदधाटन किया। मेले में जिला प्रशासन के द्वारा विकास परक योजनाओ से संबधित सभी विभागो के स्टाल लगाये गये है,इन स्टालो में लोगो को शासन से संचालित योजनाओ की जानकारी दी जा रही है। मेले में मनोरजंन के लिये जादू व बच्चो के लिये झूला भी लगाया गया है। प्रदेश सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं का लोगों ने स्टाल पर पहुंचकर जानकारी लिया मेले में सैकड़ों बच्चे व युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने दी।

# संदिग्ध दशा में पंखे से लटकती मिली बालिका की लाश

## आपत्तिजनक स्थिति में प्रेमी युगल को देखने के बाद मामले में पुलिस चौकी में चल रही थी पंचायत



बालिका की मौत के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस और परिजन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मकदूमपुर गांव में कमरे में प्रेमी युगल को मिलते परिजनों ने पकड़ा और युवक की पिटाई कर दी जानकारी होने पर दोनों पक्षों के लोग स्थानीय पुलिस चौकी में एकत्रित हो गए। मामला पुलिस तक पहुंचा तो सुलह समझौते के लिए दोनों पक्षों के बीच पुलिस चौकी में पंचायत चल ही रही थी बालिका को पुलिस चौकी बुलाया गया जब परिजन घर पहुंचे तो देखा कि बालिका के लाश पंखे से लटक रही है बालिका के परिजनों का कहना है कि बालिका ने फांसी लगा कर जान दे दी। मामले को लेकर दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई है।जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव निवासी अनीता देवी उम्र लागभग 18 वर्ष पुत्री रामसुरेमन धोबी का गांव के दीपू से प्रेम प्रसंग चल रहा था दोनों को बन्द कमरे में एक साथ देख कर परिवार के लोग आक्रोशित हो गए और युवक की पिटाई कर दी मामले की सूचना पुलिस को दी गई दोनों पक्ष के लोग स्थानीय पुलिस चौकी पहुंचे पुलिस इस मामले में सुलह समझौता कराने को लेकर पंचायत कर रही थी दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद बालिका को चौकी बुलाने का फरमान जारी हुआ परिजन घर पहुंचे इसी बीच बालिका अनीता देवी की लाश फंदे पर लटकती घर के भीतर मिली है बालिका की मौत कैसे हो गई है यह बड़ी जांच का विषय है बालिका की मौत की जानकारी मिलते ही पंचायत छोड़कर घटनास्थल पर पुलिस और परिजन पहुँचे है बालिका की लाश को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालिका के परिजन मौत को आत्महत्या बता रहे हैं।

## 11 हजार टूटी तार के करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग किसान की दर्दनाक मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार ग्राम सभा के मजरा मकरीबाग में खेत जा रहे किसान की विद्युत चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार शिव मोहन उम्र लगभग 63 वर्ष पुत्र बैजनाथ रेलवे से रिटायर कर्मी थे मौजूदा समय खेती किसानी करते थे आज सुबह खेत की तरफ वह टहलने गए थे रास्ते मे धर्मपाल के खेत के पास 11 हजार विद्युत वायर टूटकर पड़ा हुआ जिसे शिव मोहन देख नही पाए उसी के करेंट से गम्भीर रूप से वह झुलस गए जानकारी पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह विद्युत करेंट को हटाकर आनन फानन अझुवा के निजी अस्पताल में उन्हें दिखाया स्थानीय अस्पताल से जवाब मिलने पर सिराथू स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां इलाज के दौरान शिवमोहन की मौत हो गयी मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया है मृतक के 2 पुत्र हैं जिनमे एक रोजी रोटी के लिए परदेश में रहता है दूसरा प्रिंशु और उसका परिवार बूढ़ी मा का रो रोकर बुरा हाल है,मौके पर राजस्व विभाग ने जांच की है क्षेत्रीय पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।



टूटे खंभे में तार का दृश्य

### मिट्टी का टीला ढहने से चार महिलाएं दबी, एक महिला की मौत, तीन घायल

**इमामगंज कौशांबी।** कौशाम्बी में मिट्टी का ढूहा ढहने से मलबे में चार महिलाएं दब गई। मलबे में दबकर एक महिला की मौत हो गई। जबकि तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही चायल एसडीम राजेश श्रीवास्तव भी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि मिट्टी की खुदाई के दौरान ढूहा ढहने से 4 महिलाएं दब गई थी। जिनमें से एक महिला की मौत हो गई। जबकि 3 लोग घायल हैं। घायलों का इलाज चल रहा है। कोखराज थाना क्षेत्र के हर्रायपुर चौकी अंतर्गत सोना देवी उम्र 45 वर्ष, हेमलता उम्र 35 वर्ष सरोज देवी उम्र 48 वर्ष, सुरेखा देवी उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी उचवा नसीरपुर हर्रायपुर की रहने वाली है चारो महिलाये घर की पुताई के लिए मिट्टी खोदने के लिए गई थी। मिट्टी खोदते समय वह काफी अंदर चली गई थी। अचानक मिट्टी का ढूहा भरभरा कर उनके ऊपर गिर गया। मलबे में चारों महिलाएं दब गई। आसपास रहे लोगों ने इसी तरीके से मलबा हटाकर चारों महिलाओं को निकाला। परिजन सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## दीपावली मेला की आड़ में छीनी गई गरीबों की खुशी

### मंझनपुर नगर पालिका द्वारा लगाया गया दीपावली मेला साबित हो रहा बकवास

**कौशांबी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दीपावली मेला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है लेकिन मेला महोत्सव आयोजन के नाम पर गरीबों का उत्पीड़न शुरू कर दिया गया है 28 अक्टूबर को मेले के आयोजन के अवसर पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा डायट मैदान में दीपावली मेला का आयोजन किया गया है कार्यक्रम में सांसद विनोद सोनकर विधायक लालबहादुर और जिला अधिकारी पहुंचे और कार्यक्रम का उद्घाटन किया कार्यक्रम के दौरान मेला परिसर के बाहर ठेला लगाकर जीविकोपार्जन करने वाले गरीबों के ठेले को मेला परिसर के अंदर जबरिया बुला लिया गया और उनसे कहा गया कि सभी को वह ठेले के खाने पीने के सामान को दें जीविकोपार्जन में लगे ठेला मालिकों ने दिल खोलकर लोगों को ठेला में बिक्री होने वाले सामान को खिलाया ठेला संचालकों ने बताया कि उन्हें 50 रुपये बाद में आयोजको ने दे दिए गए हैं अब सवाल उठता है कि ठेला लगाकर जीविकोपार्जन करने वाले लोग 300 रुपए मेहनत मजदूरी कर कमा लेते थे जिससे उनका परिवार चलता था लेकिन उनके ठेले को मेला परिसर में खड़ा करा दिया गया जिससे सामानों की बिक्री नहीं हुई उनके सामानों को वहां मौजूद लोगों ने खा लिया लेकिन भुगतान नहीं मिला अब इन गरीब ठेले वालों की दीपावली कैसे हंसी खुशी बीतेगी यह बड़ा सवाल है दीपावली मेला महोत्सव के आड़ में गरीब परिवारों की खुशी छीनने का अधिकार क्या मेला आयोजकों को योगी आदित्यनाथ सरकार ने दिया है यह बड़ा सवाल उठता है मेला आयोजन के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है दीपावली मेले में आयोजक दुकाने नहीं लगा सके हैं सरकार ने निर्देश दिया कि विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर मेला में प्रदर्शनी की जाएगी लेकिन मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र के डायट मैदान में लगाए गए दीपावली मेला में सरकार द्वारा बताए गए निर्देश बकवास साबित हो रहे हैं।

# निजी दुकानों पर उर्वरक की हो रही कालाबाजारी !

## सहकारी समितियों में नहीं है पर्याप्त भंडारण

**समितियों में पहुंचने वाले किसानों में चौथाई किसानों को भी प्रतिदिन नहीं मिल पा रही है उर्वरक**

**कालाबाजारी में लिप्त व्यापारियों को गिरफ्तार कर अधिकारियों ने अभी तक नहीं भेजा है जेल**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उर्वरक के पर्याप्त भंडारण को लेकर अधिकारियों ने पूर्व से कार्य योजना नहीं बनाई है जिससे उर्वरक की जिले में मारामारी है किसान परेशान है निजी उर्वरक व्यापारियों के यहां कालाबाजारी कर अधिक कीमत में यूरिया और डीएपी बेची जा रही है मार्केट में उर्वरक की कमी बताकर किसानों को लूटने में व्यापारी लगे हैं विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों से अपने हिस्से की रकम वसूल ली है जिससे विभागीय अधिकारी मूकदर्शक बने हैं वही सहकारी समितियों में भंडारण की पर्याप्त मात्रा ना होने से डीएपी के लिए किसानों के बीच मारामारी है समितियों में पहुंचने वाले किसानों में चौथाई किसानों को भी प्रतिदिन उर्वरक नहीं मिल पा रही है जिससे किसान परेशान है लेकिन अधिकारियों ने उर्वरक की समस्या को दूर करने के लिए ठोस योजनाएं नहीं बनाई है कालाबाजारी में लिप्त व्यापारियों को गिरफ्तार कर अधिकारियों ने अभी तक जेल नहीं भेजा है जिससे विभागीय अधिकारियों की मंशा पर भी सवाल उठता है सूत्रों की मानें तो उर्वरक के कालाबाजारी की आड़ में व्यापारियों से करोड़ों रुपए की वसूली विभागीय अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को आधार बनाकर प्रत्येक वर्ष की जाती है जिससे उर्वरक की कालाबाजारी में विभागीय अधिकारी मौन है। आलू की बुआई के लिए कौशाम्बी के किसानों को डीएपी खाद के लिए भी मारामारी करनी पड़ रही है। समितियों में सुबह से लेकर शाम तक लाइन लगाकर खड़े रहने पर भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। जिससे अन्नदाताओं में जबरदस्त गुस्सा है।

बता दें कि मौसम की मार में धान की फसल गंवा चुके किसान आलू की समय से बुआई करके नुकसान की भरपाई करना चाह रहे हैं। हालांकि खाद, बीज, पानी, बिजली की किल्लत उनकी राह में रोड़ा बनी है। सबसे ज्यादा दिक्कत तो किसानों को खाद के इंतजाम में हो रही है। हफ्ते भर से रोजाना डीएपी खाद के लिए मंझनपुर ओसा समेत जिले की सभी समितियों इफको सेंटर में किसानों की भीड़ लगती है।एक-एक बोरी उर्वरक के लिए उनके बीच मारामारी मची है। बुधवार को भी इफको सेंटर ओसा में खाद के लिए हजारों किसान सुबह से लाइन लगाकर खड़े थे। सेंटर में किसानों को एक आधार पर 3 बोरी खाद उपलब्ध भी कराई गई। पर, भीड़ ऐसी रही कि सुबह से लेकर शाम तक सेंटर में लाइन लगाकर खड़े रहे सैकड़ों किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। ओसा गांव के किसान रामलाल सहनपुर गांव के गप्पू यादव, राम किसुन, देवीप्रसाद, लल्लू लोधी आदि ने बताया कि तीन दिनों से वह रोजाना खाद के लिए आते हैं जीत लाल ने बताया कि उसे आलू की बुआई के लिए करीब 6 बोरी डीएपी की जरूरत है। तीन दिन में उसे सिर्फ 3 बोरी खाद दी गई है। कर्मचारियों के इस मनमानी से किसानों में गुस्सा है। इफको सेंटर के कर्मचारियों से बात करने पर बताया गया कि सर्वर डाउन चल रहा है। इसी में समय लग रहा है। एक आधार पर 3 बोरी खाद दी जा रही है।



समितियों में उर्वरक के लिए लगी किसानों की भीड़

# दो सफाई कर्मियों के वेतन पर एक दे रहा कभी कभी ड्यूटी

### सफाई व्यवस्था चौपट होने से निन्धियावा और कल्यानपुर गांव में लगा गंदगी का अंबार

### सफाई कर्मियों के बिना ड्यूटी वेतन दिए जाने के मामले में सवालों के घेरे में है एडीओ पंचायत सिराथू की भूमिका

अखंड भारत संदेश

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** सिराथू बिकास खण्ड क्षेत्र में दो सफाई कर्मियों को वेतन दिए जाने के बाद एक सफाई कर्मी कभी-कभी ड्यूटी देकर सफाई कार्य कर रहा है आखिर एक सफाई कर्मी के बगैर ड्यूटी दिए उसका वेतन प्रत्येक महीने एडीओ पंचायत सिराथू द्वारा क्यो अवमुक्त कराया जाता है यह बड़ी जांच का विषय है लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बिना डियूटी सफाई कर्मी के वेतन दिए जाने के मामले की जांच करते हुए सफाई कर्मी और एडीओ पंचायत सिराथू को दंडित किए जाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत कल्यानपुर में शोभा देवी सफाई कर्मी के पद पर तैनात है लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद यह गांव में दिखाई नहीं पड़ी हैं गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है गांव में तैनात सफाई कर्मी कभी गांव में नहीं देखे जाते हैं लेकिन फिर भी प्रत्येक महीने शोभा देवी का वेतन एडीओ पंचायत सिराथू द्वारा बड़े आसानी से अवमुक्त किया जाता है बताया जाता है कि एडीओ पंचायत महिला सफाई कर्मी से पांच हजार रुपए महीने की वसूली कर रहे हैं जिस से फर्जी तरीके से उपस्थिति दर्ज कर बेतन अवमुक्त कराया जा रहा है। बताया जाता है कि निन्धियावा गांव में सुग्गन सफाई कर्मी के पद पर तैनात हैं और कभी कभी सफाई कर्मचारी गांव में सफाई का कार्य कर वापस चला जाता है जिससे इस गांव के भी सफाई व्यवस्था चौपट है बताया जाता है कि निन्धियावा गांव में तैनात सफाई कर्मी सुग्गन की पत्नी शोभा देवी कल्यानपुर गांव में तैनात है और कभी-कभी पत्नी के स्थान पर वह सफाई कर देता है सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट होने से दोनों गांव में गंदगी का अंबार लगा है सरकार से बेतन के नाम पर दोनो बिना डियूटी के रुपये ले रहे है महिला सफाई कर्मी को कल्यानपुर के ग्रामीण नही जानते है कि यह महिला सफाई कर्मी कौन है जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ग्रामीणों ने कहा है कि दोनों सफाई कर्मी या तो अपनी ड्यूटी पूरी तरह से करते हुए गांव को साफ सुथरा रखें या फिर पत्नी को अलग-अलग गांव में दूर स्थानांतरित कर दिया जाए जिससे दोनों ड्यूटी दे सके और गांव की सफाई हो सके दोनों सफाई कर्मियों के मामले में एडीओ पंचायत सिराथू की भी भूमिका सवालों के घेरे में है और बिना ड्यूटी लगातार वेतन दिए जाने के मामले में यदि जांच कराई गई तो एडीओ पंचायत सिराथू पर कठोर कार्यवाही हो सकती है।

## समझौते के नाम पर अपराधी को बचाने पर उतारू है सैनी कोतवाली पुलिस

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली पुलिस का भी कारनामा बेहद निराला है पुलिस अधीक्षक ने अपराधी पर मुकदमा दर्ज करने का पूर्व में निर्देश दिया था लेकिन सैनी कोतवाली पुलिस ने वादी को समझा-बुझाकर थाना परिसर में समझौता करा दिया और पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट भेज दी कि वादी मुकदमा नहीं चाहता है और उसने मामले में समझौता कर लिया है।

सैनी कोतवाली पुलिस के इस कारनामे से अपराधी जेल जाने से बच गया है लेकिन वादी की समस्या का समाधान नहीं हो सका है समझौते के बाद आरोपी पक्ष समझौते से मुकर गया है शिकायतकर्ता फिर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और मामले की फिर से तहरीर देकर आरोपी पक्ष पर कार्यवाही की मांग की है आरोपी पर जमीन बेचने के बहाने ठगी करने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोहंदा गोपाल का पुरवा निवासी बद्री प्रसाद पाल पुत्र पितम्बर प्रसाद पाल से 8 दिसंबर सन 2020 को जितेंद्र कुमार मौर्या लोहंदा ने जमीन बेचने के आड़ में 50 हजार रुपए एडवांस ले लिया था लेकिन अब जमीन बेचने वाले जितेंद्र कुमार ने जमीन का बैनामा करने से मुकर गया जब खरीददार बद्री प्रसाद ने उससे रुपए की मांग की तो उसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है शासन सत्ता में बैठे माननीय से रिश्तेदारी बताकर थाना पुलिस और शिकायत कर्ता पर धौस जमाया जा रहा है जिससे थाना पुलिस ठगी करने वाले पर मुकदमा दर्ज नहीं कर सकी है आखिर कब तक ठगी करने वाले आरोपी को समझौते के आड़ में थाना पुलिस बचाती रहेगी पुलिस अधीक्षक को दोबारा शिकायती पत्र देकर बद्री प्रसाद ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### श्रम कार्ड बनाने के नाम पर 100 रुपए हो रही वसूली लोगों ने किया शिकायत

**कौशाम्बी।** मंझनपुर सीएससी सेंटर के तहत मजदूरों के श्रम कार्ड बनाए जा रहे हैं इसी के तहत बुधवार को ओसा गांव में कैंप लगाया था इसके लिए उसने बकायदा गांव में डुग्गी पिटवाई थी कि सभी का श्रम कार्ड बनेगा जिन लोगो को कार्ड बनवाना हो दुर्गा मंदिर में आये। आरोप है कि कार्ड बनाने के नाम पर 110 रुपये वसूला जा रहा था जिसकी शिकायत गांव के रामकुमार ने सीएससी कार्यालय में किया कार्यालय से कहा गया कि कार्ड फ्री में बन रहा है अगर कोई पैसा ले रहा है तो पुलिस विभाग को सूचित करें तब सूचना 100 नंबर डायल को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि फजीर्वाड़ा बड़े जोरों पर चल रहा था इस फजीर्वाड़े में लिप्त सीएससी सेंटर चालाक बबलू मिश्रा टेवा आशीष व अन्य दो लोग थे जो बाकायदा लैपटॉप प्रिंटर से ऑनलाइन श्रम कार्ड बना रहे थे और 100 रुपया भी ले रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जो लोग मौके पर मौजूद थे उनका 100 रुपये वापस कराया और हिदायत देते हुए सेंटर को बंद कराया।

### श्रम सम्मान योजना की रकम भी डकार गए उद्योग केंद्र के बाबू

**कौशांबी।** बेरोजगारों को रोजगार देना और श्रमिकों को सम्मान करने के नाम पर उद्योग केंद्र में लूट मची है शासन से मिलने वाली श्रम सम्मान निधि की रकम भी विभाग के बाबू डकार गए हैं अखिलेश कुमार शर्मा निवासी अफजलपुर वारी तहसील सिराथू ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 15 सो रुपए की रकम उन्हें नहीं मिल सकी है कई महीने बीत चुके हैं प्रमाण पत्र भी नहीं दिया जा रहा है जिले में इनके जैसे तमाम लोग हैं जिन्हें प्रशिक्षण दिए जाने के बाद प्रशिक्षण की धनराशि वा प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है जिले में ऐसे तमाम लोग हैं जो प्रशिक्षण की धनराशि और प्रमाण पत्र पाने के लिए जिला उद्योग केंद्र का चक्कर लगा रहे हैं।

### सरकार को बदनाम कर गरीब की जमीन कब्जा कर रहे भाजपा नेता

**कौशांबी।** योगी सरकार की नीतियों से हटकर भाजपा नेता गुंडई पर उतारू है और गरीबों की जमीन को दिनदहाड़े जबरिया कब्जा कर रहे हैं भाजपा नेता के जबरिया जमीन कब्जा करने के मामले में गरीबों को थाना पुलिस से न्याय नहीं मिल रहा है स्थानीय पुलिस चौकी के सिपाही और दरोगा भाजपा नेता की गुलामी पर लगे हैं योगी राज में कानून की धज्जियां उड़ रही हैं ताजा मामला कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बे का है। जानकारी के मुताबिक चायल तहसील क्षेत्र के भिखनापुर गांव निवासी मंगरु पुत्र दूखी की भूमि राजस्व अभिलेखों में खाता संख्या 000 84 के खसरा संख्या 89 ख पर दर्ज है मगुरु की भूमिधरी भूमि पर मूरतगंज के भाजपा नेता मुकेश हलवाई द्वारा जबरिया कब्जा करना शुरू कर दिया गया है पीड़ित ने पुलिस को शिकायत कर मदद मांगी लेकिन पुलिस अवैध कब्जा धारक के कार्यों को रोकने का साहस नहीं कर सकी है दिनदहाड़े जबरिया दलित गरीब की जमीन पर दीवाल का निर्माण कर गेट लगाकर भाजपा नेता द्वारा कब्जा किया जा चुका है योगीराज में न्याय के लिए दलित गरीब थाना चौकी का चक्कर लगा रहा है पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती पत्र दे कर भाजपा नेता पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कर जमीन खाली कराए जाने की मांग की है।

## बाल रोग विशेषज्ञ के गायब रहने से बच्चों का नहीं होता इलाज

### जिला अस्पताल के चिकित्सक कब तक निजी नर्सिंग होम में लिप्त रहकर सरकारी खजाने से उठाते रहेंगे वेतन

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** संयुक्त जिला चिकित्सालय में बाल रोग चिकित्सक के पद पर आरके निर्मल की तैनाती की गई है लेकिन आरके निर्मल के पास सरकारी अस्पताल से वेतन लेने के बाद मरीजों का इलाज करने का समय नहीं है इनका निजी नर्सिंग होम जनपद मुख्यालय के ओसा रोड में संचालित हो रहा है पूरे समय यह वही ड्यूटी देते हैं जिससे सरकारी अस्पताल में पहुंचने वाले छोटे-छोटे बच्चों का इलाज जिला अस्पताल में नहीं हो पाता है बुधवार को फिर छोटे-छोटे बच्चे अपने परिजनों के साथ बाल रोग चिकित्सक के चेंबर के बाहर डॉक्टर का आने का इंतजार करते रहे लेकिन दोपहर 12:00 बज जाने के बाद भी चिकित्सक अस्पताल में नहीं आ सके हैं इतना ही नही जिला अस्पताल में उनके सहायक भी फार्च्यून अस्पताल का पता पीड़ित मरीजों को बता देते हैं जहां मरीजों के इलाज के नाम पर धना दोहन होता है आखिर जिला अस्पताल के चिकित्सक कब तक निजी नर्सिंग होम में लिप्त रहकर सरकारी खजाने से वेतन उठाते रहेंगे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक भी जिला अस्पताल से गायब चिकित्सकों की नकेल कसने में कमजोर पड़ रहे हैं सूत्र बताते हैं कि ड्यूटी छोड़कर नर्सिंग होम संचालित करने वाले चिकित्सक जिम्मेदारों को मोटी रकम प्रत्येक महीने देते हैं जिससे जिला अस्पताल के जिम्मेदार मौन रह जाते हैं जिला अस्पताल से बाल रोग चिकित्सक के गायब रहने के बाबत जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला गंभीर है और वह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से बात कर स्थिति सुधारते हैं।

### नही थम रहा सराय अकिल थाना क्षेत्र में चोरी का सिलसिला

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र में लगातार कई चोरिया हो रही है लेकिन अभी तक सरायअकिल पुलिस ने न तो एफ आई आर दर्ज किया और न ही चोरी का खुलासा किया गया। यहाँ तक कि पब्लिक घटना की जानकारी पुलिस को देने से कतरा रही है क्योंकि आम पब्लिक का पुलिस के ऊपर से भरोसा उठता जा रहा है। क्योंकि अभी तक किसी भी चोरी की घटना का सरायअकिल पुलिस ने एफ आई आर तक दर्ज नही किया। बताते चले कि नगर पंचायत सराय अकिल अंतर्गत ग्राम फकीराबाद निवासी हसनैन पुत्र स्व0 अनवर अली की जमीन पटेल चौराहा के आगे है। पीड़ित ने अपनी भूमी के चारो तरफ बाउंडरी वाल बनवा रखा है।बाउंडरी वाल के पिलर में लंबी सरिया लगी हुई थी। सरिया करीब 10 फिट लंबी थी जिसे 26 अक्टूबर की रात चोर काट ले गए। हसनेन ने जानकारी दिया कि लगभग 2 क्विंटल सरिया काट ले गए लगातार हो रही चोरी की घटना से सराय अकिल की जनता परेशान है।

## शिक्षकों के शोषण को अब नहीं किया जायेगा बर्दाश्त : दीपक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** बुधवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सरसवां अध्यक्ष नितिन कुमार समावेशी के नेतृत्व में कार्यकारिणी के सदस्यों ने खंड शिक्षा अधिकारी सरसवां से औपचारिक मुलाकात की।इस दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी को लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा भेंट किया गया और महासंघ की मासिक पत्रिका शैक्षिक संकल्प भेंट किया गया। मुलाकात के दौरान ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु एक ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन में शासन के निदेर्शों के क्रम में अन्य जनपदो की तरह शिक्षक वरिष्ठता सूची तैयार कर बी आर सी पर चस्पा करने ,विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान किसी भी शिक्षक के अनुपस्थित पाये जाने पर बिना स्पष्टीकरण वेतन अवरुद्ध की संस्तुति न किए जाने ,ब्लाक में कार्यरत शिक्षकों के अवशेष देयक एरियर के भुगतान हेतु शिक्षको की सूची लेखा कार्यालय को उपलब्ध कराने,ब्लाक में कार्यरत शिक्षकों के चयन वेतनमान की पत्रावली ससमय अग्रसारित किए जाने एवम् चयन वेतनमान प्राप्त शिक्षकों के चयन वेतनमान देय तिथि से अवशेष देयक के भुगतान की कार्यवाही किए जाने ,शासन के निदेर्शानुसार अनुसार समस्त शिक्षकों को प्रति सेवा वर्ष के एवज में एक प्रतिकर अवकाश की दर से मानव सम्पदा पोर्टल पर प्रतिकर अवकाश अंकित किए जाने एवं शिक्षको की समस्याओं के निराकरण हेतु माह में एक दिन बी आर सी पर मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों की मीटिंग /बैठक आहूत किए जाने ,एवं शिक्षक समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। संघ के ब्लॉक महामंत्री दीपक सिंह ने कहा कि किसी भी स्तर पर शिक्षकों के शोषण को बर्दास्त नहीं किया जायेगा। उक्त सभी समस्याओं के निराकरण के लिए खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया। इस मौके पर दीपक सिंह महामंत्री, भूपेंद्र सिंह, अतुल कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष रोहित लाल भूर्तिया, अशोक कुमार सिंह उपाध्यक्ष, अजीत सिंह मीडिया प्रभारी, नीरज मिश्र, लवलेश कुमार, अजय सिंह, विक्रम सिंह, प्रताप चन्द, राघवेन्दर, छंगूलाल, जय कुमार, लवलेश सिंह, आदि रहे।

## सम्पादकीय

### क्रिकेट और देशभक्ति, कार्रवाई में बरती जाए सावधानी

क्रिकेट या किसी भी खेल को खेल भावना से देखना, उसे एंजॉय करना और अच्छा खेलने वाले किसी भी टीम या खिलाड़ी का समर्थन करना, उसे चीयर करना अपने आप में अपराध नहीं हो सकता। कोई समाज अपने लोगों पर इस तरह की बंदिशें नहीं लगा सकता कि वे खेल के मैदान में इस या उस टीम के पक्ष में न बोलें या किसी के अच्छे शॉट की तारीफ न करें। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को हुए टी-20 वर्ल्ड कप मैच में पाकिस्तान की जीत पर कथित तौर पर खुशी मनाने के मामले में देश के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तारी और कार्रवाई की खबरें हैं। राजस्थान के उदयपुर में एक प्राइवेट मैनेजमेंट स्कूल की टीचर को गिरफ्तार किया गया है, यूपी के पांच जिलों में सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और कश्मीर के श्रीनगर में दो मेडिकल कॉलेजों के कुछ स्टूडेंट्स के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में सबसे पहले तो यह बात साफ होनी चाहिए कि क्रिकेट या किसी भी खेल को खेल भावना से देखना, उसे एंजॉय करना और अच्छा खेलने वाले किसी भी टीम या खिलाड़ी का समर्थन करना, उसे चीयर करना अपने आप में अपराध नहीं हो सकता। कोई समाज अपने लोगों पर इस तरह की बंदिशें नहीं लगा सकता कि वे खेल के मैदान में इस या उस टीम के पक्ष में न बोलें या किसी के अच्छे शॉट की तारीफ न करें।

लेकिन पाकिस्तान की विशेष पृष्ठभूमि को देखते हुए इन मामलों को सामान्य मानक के आधार पर सीधे-सीधे खारिज नहीं किया जा सकता। इनमें यह देखना जरूरी है कि संबंधित लोगों की भूमिका स्वतःस्फूर्त प्रतिक्रिया की श्रेणी में आती है या मैच के बहाने माहौल बिगाड़कर अशांति फैलाने की व्यापक साजिश से भी उसका कोई लेना-देना है। अगर यह स्वतःस्फूर्त प्रतिक्रिया है तो इस पर यूएपीए जैसी कठोर धाराओं का इस्तेमाल करना या इसे देशद्रोह करार देना न केवल अनावश्यक है बल्कि यह पुलिस और शासन व्यवस्था के प्रति आम नागरिकों का अविश्वास बढ़ाएगा। अगर ये मामले प्रथम दृष्टया किसी व्यापक साजिश से जुड़ते दिखते हैं तो इनमें पूरी गंभीरता से जांच आगे बढ़ाते हुए कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। लेकिन इस क्रम में भी यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसे हर मामले में साक्ष्यों के जरिए साजिश से जुड़े पहलू स्पष्ट तौर पर उजागर हों। इन साक्ष्यों के बगैर की जाने वाली पुलिस कार्रवाई संविधान द्वारा दिए गए नागरिक अधिकारों का उल्लंघन मानी जाएगी। इस संदर्भ में सबसे संवेदनशील क्षेत्र जम्मू-कश्मीर की बात करें तो वहां प्रशासन के सामने पाकिस्तान से भेजे गए आतंकवादी तत्वों का मुकाबला करने के साथ-साथ आम लोगों का विश्वास जीतने की दोहरी चुनौती है। इसलिए हर कदम पर यह ध्यान रखते हुए चलना होगा कि अति उत्साह में की गई कोई कार्रवाई आम लोगों को प्रशासन के करीब लाने के बजाय उन्हें उससे और दूर न कर दे। देश के बाकी हिस्सों में उस तरह की चुनौती भले न हो, लेकिन इससे एक सभ्य और उदार समाज की हमारी छवि के धूमिल होने का खतरा तो है ही।

# 'चीन के सीमा कानून के झांसे में न आए भारत, ड्रैगन को भ्रम कि वह हमें ताकत से झुका लेगा'

**गौतम बंबावाले**

चीन की संसद ने 23 अक्टूबर को एक नए लैंड बॉर्डर्स लॉ को मंजूरी दे दी। यह कानून आने वाले नए साल की पहली तारीख से लागू हो जाएगा। असल में 1949 से ही चीन यह दलील देता आया है कि भारत और उसके बीच सीमा की कभी पहचान नहीं की गई। इस पर भारत का कहना रहा है कि कुछ इलाकों के लिए भले यह बात सही हो, लेकिन समूची सीमा के लिए नहीं। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक आधार पर हमेशा से एक पारंपरिक सीमा रही है। यानी एक देश जिसे सीमा मानता है, उससे दूसरा देश इत्तेफाक नहीं रखता। इसी वजह से वह मसला खड़ा हुआ है, जिसे भारत 'बाउंड्री प्रॉब्लम' कहता आया है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी दिसंबर 1988 में चीन की यात्रा पर गए थे। उस यात्रा में दोनों देश सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत को राजी हुए। यह भी तय हुआ कि विवाद सुलझने तक वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति बनाए रखी जाएगी। इसके साथ ही भारत और चीन तब व्यापार, निवेश, शिक्षा, संस्कृति और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बनाने को भी मान गए। ऐसा ही हुआ भी। चीन के विश्व व्यापार संगठन से जुड़ने के बाद खासतौर पर 2001 से दोनों मुल्कों के व्यापार में तूफानी रफ्तार से बढ़ोतरी हुई। इसी का एक परिणाम यह भी हुआ कि दोनों देशों के बीच व्यापार घाटा बढ़ता रहा। आलम यह हो गया कि 2018 में चीन के साथ आपसी व्यापार में भारत का घाटा बढ़कर 50 अरब डॉलर तक जा पहुंचा। तब जाकर भारत को अहसास हुआ कि आपसी व्यापार में चीन का पलड़ा कितना भारी है। इस बीच, चीन की कंपनियां भारतीय फर्मों में पैसा भी लगा रही थीं। कुछ भारतीय कंपनियों ने भी चीन में कामकाज शुरू किया था, लेकिन उनका स्केल बहुत छोटा था। जिस तरह से चीन की कंपनियां भारत में अपना दायरा और दखल बढ़ा रही थीं, उसके मुकाबले तो काफी कम। फिर भी, कुल मिलाकर सबकुछ ठीक चल रहा था। लेकिन मई 2020 में सूरत-ए-हाल बिगड़ गई।

राजीव गांधी की यात्रा के बाद से तीन दशकों तक भारत और चीन के बीच जो सहमति चली आ रही थी, उसे शी चिनफिंग सरकार ने तोड़ दिया। चीन ने पूर्वी लद्दाख में भारतीय सीमा पर फौज की तैनाती बढ़ा दी। भारत के साथ चले आ रहे सीमा विवाद के मद्देनजर चीन ने ऐसा किया था। लेकिन ऐसा करके उसने भारत के साथ सभी समझौते तोड़ दिए। इन समझौतों के पहले पैरा में ही लिखा है कि दोनों देश एक दूसरे को इत्तला दिए बगैर सीमा पर फौज की तैनाती नहीं बढ़ाएंगे। मई 2020 में जब चीन ने जवानों की संख्या पूर्वी लद्दाख में बढ़ाई तो भारत को पहले से उसकी खबर नहीं दी। यही नहीं, वह तो धौंस-पट्टी पर भी उतर आया। उसने ऐसा संकेत दिया कि वह ताकत के जोर से भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाएगा।

चीन ऐसे विवादों में 'सलामी स्लाइसिंग' की रणनीति अपनाता है। इसमें पहले वह थोड़ा आक्रामक रुख अपनाकर सामने वाले का रिएक्शन देखता है और बाद में विवादित क्षेत्र पर दावा कर देता है। दक्षिण चीन सागर में वह पहले ऐसा कर चुका था। तब दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों की ओर से उसे रोकने की कोशिश नहीं हुई थी। लेकिन पूर्वी लद्दाख में जब चीन ने यही चाल अपनाई तो भारत ने सैन्य और कूटनीतिक दोनों ही स्तरों पर उसे मुंहतोड़ जवाब दिया।

मई 2020 से पहले भारत और चीन के रिश्ते अच्छे बने हुए थे। किसी को उम्मीद नहीं थी कि वह भारत के साथ संबंधों को खराब करेगा। इसलिए उसके इस कदम से हैरानी हुई। आज भारत और चीन के रिश्ते 1988 के बाद सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। चीन एक बार फिर चाहता है कि भारत सीमा विवाद को भूलकर उसके साथ बाकी क्षेत्रों में रिश्ते सामान्य रखे, लेकिन मोदी सरकार ने इससे पूरी तरह इनकार कर दिया है। पूर्वी लद्दाख में चीन ने जो हिमाकत की, उसकी वजह यह है कि सैन्य लिहाज से वह भारत से अधिक ताकतवर है। चीन की इकॉनमी भी आज भारत के मुकाबले पांच गुना बड़ी है। टेकन्लॉजी के मामले में भी वह हमसे काफी आगे है। इन्हीं सब की वजह से चीन को यह भ्रम हो गया है कि वह हमें ताकत के जोर से दबा सकता है। बहरहाल, इस पूरे मामले में भारत के लिए भी एक संदेश है। अगर हमें चीन की चुनौती से निपटना है तो ताकत के इस अंतर को कम करना होगा। इसके लिए देश की अर्थव्यवस्था का फिर से 8-9 प्रतिशत की दर से लंबे वक्त तक बढ़ना जरूरी है। इन हालात में लैंड बॉर्डर्स लॉ पास करना चीन की एक चाल है। वह इसके मार्फत भारत से अपनी असल नीयत छिपाना चाहता है। इस कानून में कहा गया है कि चीन की सीमा का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात और है कि चीन दूसरे देशों की सीमा में घुसपैठ जारी रखे हुए है। चिनफिंग सरकार ने संकेत दिया है कि वह ताकत के जोर पर भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने की कोशिश करेगा। इसलिए भारत को आने वाले वक्त में चाइनीज एग्रेशन के लिए तैयार रहना होगा। उसे क्वाड सहित समान सोच रखने वाले दूसरे देशों के साथ ताल्लुकात मजबूत करने होंगे। चीन का नया लैंड बॉर्डर्स कानून बस एक दिखावा है। अगर आपको उसके असल इरादे समझने हैं तो चीन की हरकतों पर नजर बनाए रखनी होगी।

# आडवाणी और अशरफ की वे गुप्त बैठकेंः बॉलिवुड की बी ग्रेड फिल्म जैसा प्लॉट

**करण थापर**

भारत में पाकिस्तान के उच्चायुक्त अशरफ जहांगीर काजी मेरे करीबी मित्र रहे हैं। वह दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए काफी प्रयास कर रहे थे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से संबंध स्थापित करने के लिए उत्सुक अशरफ ने पूछा कि क्या मैं मदद कर सकता हूं जॉर्ज फर्नांडीस मेरी पहली पसंद थे और मैंने उन दोनों की मुलाकात तय करा दी। कई बार मेरे घर पर रात के खाने पर भेंट होती थी। फर्नांडीस और अशरफ दोनों दोस्त बन गए और एक दूसरे पर विश्वास करने लगे। लेकिन फर्नांडीस और अशरफ जल्दी ही समझ गए कि पाकिस्तान के मसले पर वह सरकार को प्रभावित नहीं कर पाएंगे। यह किसी बीजेपी नेता द्वारा ही किया जा सकता है।

वह भी ऐसा व्यक्ति, जो प्रधानमंत्री वाजपेयी का विश्वस्त हो। वर्ष 2000 के आरंभ की बात है, अशरफ ने घोषणा की कि वह आडवाणी से मिलना चाहते हैं। जॉर्ज फर्नांडीस जो इस मामले को जानते थे, उन्होंने इसकी जरूरत समझते हुए मुलाकात की व्यवस्था करा दी और मुझे कहा गया कि आप अशरफ को लेकर आडवाणी के पंडारा पार्क स्थित आवास पर आएं। यह भेंट रात 10 बजे होनी थी। किसी और को इसकी सूचना नहीं थी। अशरफ को पता नहीं था कि भेंट कितनी देर चलने वाली है। मैं कार में बाहर ही बैठा रहा तो अशरफ ने मुझसे कहा, 'अधिक दूर मत जाना। जैसे ही भेंट पूरी होगी, मैं तुम्हें मोबाइल कर दूंगा।' मैं आधे घंटे तक उनका इंतजार करता रहा। वह वहां 90 मिनट तक रुके। अगले अठारह माह में इस तरह की बीस या तीस गोपनीय बैठकें हुईं। ये बैठक अधिकतर रात में ही होती थीं। मैं कार के ड्राइवर के रूप में था।सारा माजरा बॉलिवुड की बी ग्रेड फिल्मों की तरह गुप्त लगता था। केवल एक व्यक्ति को इसकी भनक थी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह समझ पाए थे कि क्या हो रहा है। वह व्यक्ति थे, सुधींद्र कुलकर्णी। उन दिनों वह वाजपेयी के भाषण लिखते थे। अशरफ और आडवाणी के बीच पहली बैठक के दौरान वह अचानक कुछ कागज देने आ गए थे और हम सभी को मुलाकात के बाद सामान्य बात करते हुए देखा था। संयोग से सुधींद्र वहां रुके नहीं। न ही उन्हें कुछ संदेह हुआ।

दो हफ्ते पश्चात जब दूसरी बैठक चल रही थी, मैं खान मार्केट में स्ट्रीट लाइट के नीचे खड़ा हुआ था, तभी सुधींद्र ने चाइनीज रेस्तरां से निकलते हुए मुझे देख लिया। मेरे पास तक आए और पूछा कि मैं क्या कर रहा हूं मैंने झूठ बोला कि मेरा दोस्त होटल में डिनर कर रहा है, मैं उसे लेने आया हूं। सुधींद्र ने इस पर विश्वास कर लिया। प्रतिभा और श्रीमती आडवाणी ने बहुत जोर दिया कि जब तक आडवाणी और अशरफ बातें करते हैं, तुम हमारे साथ रुक जाया करो। जल्द ही यह सिलसिला शुरू हो गया। जैसे ही वे दोनों आडवाणी के अध्ययन कक्ष में जाते, मैं श्रीमती आडवाणी और प्रतिभा के साथ बैठ जाता। जब दोनों की मुलाकात पूरी होती, वे हमारे साथ एक चाय पीते।

बात मई 2001 की है। भारत ने घोषणा की कि उसने जनरल परवेज मुशर्रफ को आगरा शिखर वार्ता के लिए बुलाया है। अगले दिन सुबह आडवाणी ने मुझे फोन किया। मैं सो रहा था। उन्होंने कहा,



'इतनी सुबह फोन लगाने के माफी चाहता हूं, लेकिन मैं चाहता हूं कि तुम हमारे साझा मित्र से कहो कि जो होने जा रहा है उसमें उन मुलाकातों का बड़ा योगदान है।' उनकी अंतिम बैठक मुशर्रफ की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति भवन में रात 11 बजे रात्रि भोज के बाद हुई। अशरफ ने जल्दी-जल्दी अपनी अचकन बदल ली और सामान्य वस्त्र पहने ताकि कोई उन्हें पहचान नहीं सके। आडवाणी अभी भी ग्रे ट्राउजर और बंद गले वाला कोट पहने हुए थे। आगरा की शिखर वार्ता अगले दिन सुबह होने वाली थी। उम्मीदें परवान चढ़ चुकी थीं, लेकिन अंततः शिखर वार्ता विफल रही। अशरफ और आडवाणी के प्रयास व्यर्थ चले गए लेकिन दोनों के बीच जो संबंध बना, वह टूटा नहीं।

आगरा शिखर सम्मेलन की विफलता और संसद पर हमले के बाद अशरफ समझ चुके थे कि यह अधिक दिन नहीं चलेगा। उन्हें सात दिनों में देश छोड़ने को कहा गया था। तब मुझे श्रीमती आडवाणी ने कॉल किया कि क्या मैं अशरफ और उनकी पतनी आबिदा को जाने से पहले चाय पर लेकर आ सकता हूं आडवाणी परिवार काजी परिवार से मिलना चाहता था और उन्हें निजी तौर पर विदाई देना चाहता था। देश के उप प्रधानमंत्री का यह एक अलग ही रूप था, क्योंकि उनकी ही सरकार ने अशरफ को अवांछित व्यक्ति बताया था। इस मुलाकात का प्रचार नहीं हुआ, क्योंकि इससे आडवाणी परिवार को शर्मिंदा होना पड़ सकता था। अशरफ के ड्राइवर के रूप में यह मेरी आखिरी ड्यूटी थी। मैं काजी परिवार को अपनी कार में बैठाकर आडवाणी के घर ले गया, जो पंडारा पार्क से बदलकर पृथ्वीराज रोड पर आ चुका था। आडवाणी के अध्ययन कक्ष में हमने चाय पी। उस समय आडवाणी परिवार, प्रतिभा, अशरफ, आबिदा और मैं थे। आधे घंटे बाद काजी पति-पतनी जाने के लिए खड़े हुए। अशरफ ने आडवाणी से हाथ मिलाने को अपना हाथ बढ़ाया। श्रीमती आडवाणी ने हस्तक्षेप कर कहा, 'गले लगो।' दोनों एकदम चौंक गए। दोनों ने उनकी ओर देखा, तो वह फिर बोलीं- गले लगो। शायद यही दोनों चाहते थे, दोनों एक दूसरे से गले मिले। मैं अशरफ के पीछे खड़ा हुआ था, लिहाजा आडवाणी का चेहरा आसानी से देख सकता था। उनकी आंखों में आंसू छलक आए थे।

# सात समुन्दर पार गूँज रही है सनातन धर्म की महिमा : अमेरिका में भी राधे राधे !

**संजय शुक्ला**

दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म सनातन धर्म कहा जाता है।सनातन धर्म जिसे हिन्दू धर्म या वैदिक धर्म भी कहते है।हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार 5000 वर्षो से भी अधिक पूर्व द्वापर युग में श्री कृष्ण जी ने लगभग 72 से भी अधिक अवैदिक समुदायो को एक कर के पुनः वैदिक सनातन धर्म की स्थापना की।सनातन धर्म का मूल मन्त्र सर्व धर्म समन्वय की रक्षा करना तथा शांति,अहिंसा,मानवता और भाईचारा को बढ़ावा देना है।हिन्दू धर्म एक बहुईश्वरवादी धर्म है तथा भारत में इसके अनुयायी सर्वाधिक है। हिन्दू धर्म या वैदिक सनातन धर्म के सिध्धांतो के अनुसार देव ऋण,ऋषि ऋण,पितृ ऋण,अतिथि ऋण एवं जीव ऋण को उतारने या चुकाने के लिए हम जो कर्तव्य पूरे करते है उस को तप या यज्ञ हैं भारत वर्ष में सनातन धर्म की मान्यता तो सालो से चलती चली आ रही है।इसके साथ साथ नेपाल,मारीशस में भी सनातन धर्म के अनुयायी बहुत अधिक है।सूरीनाम व फिजी में भी सनातन धर्म को मानने वाले अधिकाधिक लोग है।ख़ुशी की बात तो यह है कि अब अमेरिका जैसे देश भी सनातन धर्म के महत्त्व को समझने लगे है।

पूरे अमेरिका में अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय के योगदान को ध्यान में रखते हुए व् सनातन धर्म के प्रति अपनी अपार श्रद्धा दिखाते हुए अक्टूबर माह को सनातन धर्म के लिए समर्पित किया गया हैं वहां इस अक्टूबर के महीने को हिन्दू विरासत माह के रूप में मनाया जा रहा है जो की समस्त सनातन धर्मियो के लिए अत्यंत गौरव की बात है।अमेरिका के 50 राज्यों में से 20 से भी ज्यादा राज्यों के लगभग 40 शहरो में विभिनन्न समारोहों का आयोजन किया जा रहा है।अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के हिन्दू समुदाय के लोगो के अनुसार वहा पर पहली बार सनातन धर्म को इतने बड़े स्तर पर मनाया है।देश में हिन्दू समुदायों की ऐसी पहल पर वहां के जनप्रतिनिधियो ने भी खुले दिल से समर्थन किया है।ध्यान देने वाली बात यह है कि इस बार दीपावली का पर्व नवम्बर माह में पड़ रहा है लेकिन अमेरिका में इसका महोत्सव अक्टूबर माह से ही हिन्दू विरासत माहङ्ग उतसव के रूप में शुभारम्भ हो गया है।है।हिन्दू संगठनों की एक विज्ञप्ति के अनुसार अक्टूबर माह को हिन्दू विरासत माह के रूप में हर साल मनाये जाने घोषणा की गयी है।दरअसल अक्टूबर के महीने और इसके आगे पीछे के समय में भी विश्व भर में नवरात्री,दशहरा,दीपावली,गोवर्धन पूजा,भैय्या दयूज,आदि मनाई जाती है ।इस लिए अमेरिका में बसे हिन्दुओ के संगठनों ने अक्टूबर के इस महीने को हिन्दू विरासत माहङ्ग के रूप में मनाये जाने का निणय लिया



है। इस पूरे अक्टूबर माह के दौरान वातावरण उत्सवमय तथा प्रफुल्लित रहेगा। योग,अध्यात्म,सत्संग,भजन व भोग से लेकर भोजन,दान-पुण्य,नृत्य-संगीत एवं प्रवचन तथा हिन्दू धर्म की मान्यताओं पर विचार विमर्श आदि के कार्यक्रम पूरे महीने चल रहा है। हिन्दू त्योहारों की सब से अधिक रौनक अमेरिकी राज्य टेक्सास, न्यूजर्सी, फ्लोरिडा, ओहयो, वर्जिनिआ, नार्थ कैरोलीना, मेरीलैंड,मिस्सूरी, नेवाडा, मिशिगन, केलिफ़ोर्निआ और हयूस्टन आदि शहरो में देखी जा रही हैं अमेरिकी समाज में हिन्दुओ की सक्रीय भागेदारी देखते हुए तथा सनातन धर्म का सम्मान करते हुये वहां प्रशासन ने अक्टूबर माह को हिन्दू विरासत माहङ्ग के रूप में जाने की घोषणा की है। अमेरिकी सांसद ट्रॉय बल्देरसँन ने हिन्दू समुदाय की खूब प्रशंसा की है।हिन्दू नेता बिंदु पटेल ने इरविन शहर के लोगो को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी के भरपूर समर्थन के साथ हिन्दू विरासत माहङ्ग मनाया जा रहा है।उन्हों ने कहा की हिन्दू स्वयं सेवक संघ के काम काज से स्थानीय लोगो का भी हिन्दू धर्म विश्वास बढ़ा है।भारत के मंदिरो में होने वाले भंडारे की तरह वहा पर भी लोगो को भोजन कराने की परंपरा का निर्वाह 'सेवा दिवाली' कार्यक्रम के रूप में हो रहा है।अमेरिकी सरकार की घोषणा की प्रतीक्षा : अब जबकि अमेरिका के अधिकांश राज्य हिन्दू विरासत माह मनाये जाने की घोषणा कर चुके है तो सिर्फ अमेरिकी केंद्रीय सरकार द्वारा घोषणा की जानी बाकी है।अमेरिका में रह रहे हिन्दू समाज एवं संगठनों ने अमेरिकी सरकार से अपील की है कि वो अक्टूबर माजड़ो ह को हिन्दू विरासत माह घोषित करे।अमेरिकी हिन्दू समाज के लोगो ने कहा कि वे चाहते है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन एक कार्यकारी आदेश द्वारा औपचारिक रूप से अक्टूबर के महीने को हिन्दू विरासत माह के रूप में में घोषित करे। विश्व हिन्दू परिषद्,अमेरिका के अध्यक्ष श्री अजय शाह ने कहा है कि उन्होंने जुलाई मध्य में में अन्य हिन्दू समूहों के साथ मिल कर अमेरिका की राज्य सरकारों के प्रमुखों को 20 से भी ज्यादा पत्र भेजे थे जिसमे अक्टूबर माह को हिन्दू विरासत माहङ्ग के रूप में घोषित किये जाने का अनुरोध किया गया था।हिन्दू विरासत माह उत्सव उस विविधता को प्रदर्शित करेगा जो हिन्दू सभ्यता के मूल्यों व मौलिकताओं का आधार है।विश्व हिन्दू परिषद्,अमेरिकाके के उपाध्यक्ष श्री संजय कौल जो इस कार्यक्रम के आयोजकों में से एक है, ने कहा है कि हिंदू विरासत एवं संस्कृति हज़ारो साल पुरानी है।यह हमारा कर्तव्य हैं की हम इसे दुनिया के साथ साझा करे और इसे अपनी अगली पीढ़ियों को दे ताकि वे अपनी जड़ो पर गर्व कर सकें।

# क्या खाद्य असुरक्षा की तरफ बढ़ रही है दुनिया

**डॉ. वीर सिंह**

यह वर्ष एक चौंकाने वाला समाचार लाया है। वह यह कि विश्व भर में खाद्य वस्तुएं महंगी हो गई हैं। बात इतनी-सी साधारण नहीं है। हम शनैः शनैः खाद्य असुरक्षा की ओर बढ़ रहे हैं। स्वर्गीय सुंदरलाल बहुगुणा कहते थे कि मनुष्य ने जब पहली बार हल चलाया था तो उसने उसी दिन अपने विनाश की कहानी लिख दी थी। बात अटपटी-सी लगती है, लेकिन इसमें एक गहरा दर्शन छिपा है, और सुदीर्घ भविष्य का सत्य भी। जब हल नहीं चला था, अर्थात जब खेती पर हमारा जीवन अवलम्बित नहीं था, तब हमारे लिए हजारों पेड़-पौधे थे जिनसे हम अपना भोजन लेते थे। जड़ें, तने, पत्तियां, कलियां, फूल, फल, बीज, शहद और इसी तरह के नाना प्रकार के भोज्य पदार्थ हमें अपने आस-पास के परिवेश से प्राप्त होते थे, और वह भी बिना हाड-तोड़ परिश्रम के तथा बिलकुल निशुल्क। यह वर्ष एक चौंकाने वाला समाचार लाया है। वह यह कि विश्व भर में खाद्य वस्तुएं महंगी हो गई हैं। बात इतनी-सी साधारण नहीं है। हम शनैः शनैः खाद्य असुरक्षा की ओर बढ़ रहे हैं। और इस असुरक्षा की जड़ें हमारी खेती में हैं, हल चलाकर भोजन पैदा करने वाली खेती में। और जैसे-जैसे खेती का आधुनिकीकरण होता जा रहा है, वैसे-वैसे ही खाद्य असुरक्षा अपने पैर पसार रही है। इस खाद्य असुरक्षा में समाहित हैं कुपोषण, कुपोषण-जनित रोग और भुखमरी। भूख पेटों में नहीं होती, खेतों में बोई जाती है। धरती पर सभी जीवधारियों को उनका भोजन उनके परिवेश से मिल जाता है। केवल मनुष्य के भोजन का मोल लगा है। खाने-पीने की हर वस्तु का मूल्य है, क्यों कि मानव अपना भोजन स्वयं उगाता है, और वह भी लाखों जीव-जंतुओं के परिवेश को उजाड़ कर, अर्थात वन काट कर, वन्यजीवन उजाड़ कर और नंगी धरती का सीना फाड़ कर। वह फसलों को पानी देने के लिए कुँए खोदता है, भूमिगत जल को बाहर खींचता है या नदियों का पानी मोड़ कर खेतों की और ले आता है। फसलों को कीट-पतंगों और रोगों से बचाने के लिए जीवनाशी रसायन छिड़कता है। उसे उस मिट्टी पर विश्वास नहीं रह गया जिस पर विशाल वृक्ष खड़े रहते थे और उसके आस-पास असंख्य प्रकार के पौधे पनपते थे। अब अनाज बोकर वह पहले मिट्टी को रासायनिक उर्वरकों से पोषित करता है, फिर मिट्टी फसलों को पोषित करती है। फिर, उसकी फसलों के उत्पाद का मूल्य क्यों नहीं होगा अगर भोजन का मोल है तो वह सबके लिए सुलभ कैसे हो सकता है और अगर सुलभ हो गया तो, सबको वे सारे तत्व कैसे मिल सकते हैं जिनकी उनके शारीरिक, बौद्धिक, मनोवैज्ञानिक, और भावनात्मक विकास के लिए आवश्यकता है क्यों कि जितने आवश्यक भोजन के तत्त्व, उतना ही अधिक उनका मोल। निष्कर्ष निकलता है कि खाद्य सुरक्षा पैसे का खेल है। पैसे के आगे ही नाचती है खाद्य सुरक्षा। पैसा बाजार का 'राजा' है। खाद्य सुरक्षा खेतों-फसलों से नहीं, बाजार से मिलती है। खेत-खेती तो बाजार के विस्तृत अंग हैं। बाजार में बीज, उर्वरक, जीवनाशी रसायन और कृषि उपकरणों से सम्बंधित बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा संचालित और बाजार में जड़ें जमाए एवं पैसे के बल पर बिकने वाली खाद्य सुरक्षा न तो सम्पोषित है, न सुदीर्घ भविष्य तक साथ देने वाली और न ही सबको बराबर अधिकार देने वाली। कोई भी दुर्भिक्ष, जैसे सूखा-बाढ़, प्रतिकूल जलवायु, अगिन्कांड, कीट प्रकोप, फसल रोग आदि कभी भी तथाकथित खाद्य सुरक्षा प्रणाली की गर्दन मरोड़ सकता है। और यदि इनसे भी बच निकली तो वह जनसंख्या के बोझ तले दब जाएगी।

खाद्य सुरक्षा की प्राकृतिक, स्थायी और गहरी जड़ें धरती के पारिस्थितिकी तंत्रों में हैं और विश्व की सारी मानव सभ्यता को उसकी छतरी के नीचे लाने के लिए पारिस्थितिक, आर्थिक और राजनीतिक उपाय हैं। अनाज फसलों और उनमें से भी केवल तीन फसलों - गेहूं, चावल और मक्का - के वर्चस्व वाली खेती टिकाऊ नहीं है। यह प्रदूषण, रोग और जलवायु परिवर्तन पैदा करने वाली खेती है। यह जैव विविधता का हरण करने वाली खेती है। इस पर टिकी खाद्य सुरक्षा अस्थायी है और पर्यावरण विनाश की और ले जाती है। इसके विपरीत वृक्षों से जितने प्रकार के खाद्य पदार्थ मिलते हैं, उतने अनाज फसलों से नहीं। प्राचीन काल से हम हजारों प्रकार के पौधों से अपना भोजन चुनते थे और पर्यावरण संतुलन जैसे मुद्दे कभी नहीं उठते थे। यह सही है कि हम पुनः अरण्य से प्राप्त खाद्य पदार्थों वाली व्यवस्था रातों-रात तैयार नहीं कर सकते। अभी वर्तमान कृषि प्रणाली की ही आवश्यकता होगी, मगर हम धीरे धीरे पर्यावरण संरक्षण-केंद्रित वृक्ष खेती की और बढ़ सकते हैं और इसका श्रीगणेश कृषि वानिकी प्रणाली विकसित कर किया जा सकता है। कृषि वानिकी (एग्रोफोरेस्ट्री) पहले से ही अस्तित्व में है, लेकिन उसे विश्वव्यापी विस्तार देने की आवश्यकता है। इसमें समय लगना स्वाभाविक है। संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफ ए ओ) के अनुसार 2050 तक विश्व की जनसंख्या 9.7 बिलियन हो जाएगी जिसे खिलाने के लिए 70 प्रतिशत अतिरिक्त भोजन की आवश्यकता होगी। उस समय गेहूं, चावल और मक्का के वर्चस्व वाली खेती विश्व भर की भोजन आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके, संभव-सा नहीं लगता। इस शताब्दी के अंत तक धरती पर 12.2 बिलियन लोगों का वास होगा। तब भी सुदृढ़ कृषि वानिकी सबकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम होगी। कृषि वानिकी से मिट्टी, जल और जैव विविधता का संरक्षण होगा और साथ में वे सभी भोज्य पदार्थ मिलते रहेंगे जो चलताऊ कृषि तंत्र से भी मिलते हैं, और नाना प्रकार के भोज्य पदार्थ देने वाले वृक्षों का चयन किया जाए तो आज के दैनंदिन भोजन से कहीं अधिक प्रचुर मात्रा में और कहीं बहुत पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिलेगा और समाज की खाद्य सुरक्षा का स्तर बढ़ेगा। भूतल पर रहने वाले सभी जंतुओं और अधिकांश जलचरों का भोजन जिस प्रक्रिया से बनता है उसे प्रकाश संश्लेषण कहते हैं। मनुष्य और अन्य जंतुओं की खाद्य सुरक्षा का आधार प्रकाश संश्लेषण ही है। हरितपर्ण वाले पौधे अपना भोजन सीधे-सीधे प्रकाश संश्लेषण के बल पर लेते हैं, और हम सब उस भोजन पर निर्भर हैं और हमारी खाद्य सुरक्षा भी उस भोजन पर निर्भर है जो पौधे अपने लिए बनाते हैं। इस प्रकार जितनी विराटता प्रकाश संश्लेषण की होगी, उतना ही ऊंचा स्तर हमारी खाद्य सुरक्षा का होगा। उथली जड़ों वाली और मिट्टी- जल-जैव विविधता का क्षरण करने वाली आधुनिक कृषि भी प्रकश संश्लेषण के माध्यम से ही खाद्योत्पादन करती है।

# अंतिम ओवर में बांग्लादेश पर मिली रोमांचक जीत से डिफेंडिंग चैंपियन वेस्टइंडीज की उम्मीदें कायम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मैन आफ द मैच निकोलस पूरन (40) और ऑलराउंडर जेसन होल्डर (15) की तूफानी पारियों के बाद आंद्रे रसेल के बेहतरीन आखिरी ओवर की बदौलत वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी टी-20 विश्व कप 2021 में सुपर 12 स्टेज के ग्रुप-1 में मुकाबले में तीन रन से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। विंडीज ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 142 रन का स्कोर बनाया और फिर बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 139 रनों पर रोक दिया। बांग्लादेश को पारी के आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर जीत के




लिए चौका चाहिए था, लेकिन रसेल ने बेहतरीन बॉल डालकर जीत विंडीज की झोली में डाल दी। निकोलस पूरन को उनकी बेहतरीन पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। बांग्लादेश के लिए लिटन दास ने सबसे ज्यादा 43 गेंदों पर 44 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके भी लगाए। हालांकि वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। वेस्टइंडीज की तीन मैचों में पहली जीत है और टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की उसकी उम्मीदें अभी जिंदा है। बांग्लादेश की टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी हार है और इस हार के बाद बंगला टाइगर के लिए सेमीफाइनल के दरवाजे लगभग बंद हो गए हैं।

दास के अलावा कप्तान महमुदूल्लाह ने 24 गेंदों पर दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 31 रनों की पारी खेली। लेकिन वह अंतिम गेंद पर चौका नहीं जड़ सके और टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। वहीं, मोहम्मद नईम ने 17, शाकिब अल हसन ने नौ, सौम्य सरकार ने 17 और मुशफिकुर रहीम ने आठ रन बनाए। विंडीज की ओर से रवि रामपॉल, जेसन होल्डर, आंद्रे रसेल, अकील हुसैन और डवेन ब्रावो ने एक-एक विकेट चटकाए। इससे पहले, विंडीज ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 142 रन का स्कोर बनाया। टीम के लिए निकोलस पूरन ने 22 गेंदों पर एक चौका और चार छक्के की मदद से सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। उनके अलावा अपना डेब्यू टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले रोस्टन चेज ने 39 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच 57 रनों की साझेदारी हुई। वहीं, जेसन होल्डर ने पांच गेंदों पर दो छक्के के सहारे नाबाद 15 और कप्तान कीरोन पोलार्ड ने नाबाद 14 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन, मुस्तफिजुर रहीम और शोरिफुल इस्लाम ने दो-दो विकेट लिए।




## पाकिस्तान का पांचवां विकेट गिरा, मैच रोमांचक मोड़ पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के 24वें मुकाबले में आज पाकिस्तान का मुकाबला अफगानिस्तान से हो रहा है। ये मैच दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 5 विकेट के नुकसान पर 125 रन के करीब रन बना लिए हैं।इससे पहले अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 147 रन बनाए। अफगानिस्तान की तरफ से मोहम्मद नबी और गुलबदीन नायब 35-35 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की तरफ से इमाद वसीम ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में टीम इंडिया अपना सकती है एमएस धोनी वाली रणनीति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों के लिए ये मैच करो या मरो जैसा है। महेंद्र सिंह धोनी की चेनन्ई सुपर किंग्स की तर्ज पर भारतीय टीम मैनजमेंट टी-20 वर्ल्ड कप में समान प्लेइंग इलेवन के सा उतार सकता है । एक हार के बाद टीम में बदलाव नहीं करने की आदत सीएसके की रही ह । भारतीय टीम भी उसी प्लेइंग पर भरोसा कर सकती है जिसे पाकिस्तान ने दस विकेट से हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ खराब प्रदर्शन से टीम कॉम्बिनेशन को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं लेकिन समझा जाता है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम कॉम्बिनेशन में में धोनी की राय काफी मायने रखेगी। इसके मायने हैं कि हार्दिक पांड्या की जगह



शार्दुल ठाकुर को उतारे जाने की संभावना नहीं है। पांड्या ने गेंदबाजी शुरू कर दी है क्योंकि उन्हें भी पता है कि अब इसके बिना काम चलने वाला नहीं है। वरुण चक्रवर्ती के पूरी तरह फिट होने पर खेलने की संभावना है। अगर कप्तान विराट कोहली स्पिन आक्रमण में बदलाव नहीं करना चाहते तो रविचंद्रन अश्विन को फिर बाहर रहना होगा।पाकिस्तान के खिलाफ 24 अक्टूबर को खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 151 रन बनाए। पाकिस्तान ने कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की फिफ्टी की बदौलत पाकिस्तान ने ये लक्ष्य आसानी से बिना विकेट खोए हासिल कर लिया।

# लाइव शो में बेइज्जत होने पर भड़के शोएब अख्तर, बोले- पीटीवी पागल है क्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर इन दिनों अपनी बेइज्जती के कारण सुखियों में छाए हुए हैं। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारत पर 10 विकेट की धमाकेदार जीत के बाद शोएब अपने बयानों को लेकर चर्चा का विषय रहे थे। पाकिस्तान के प्रमुख खेल टीवी चैनल 'पीटीवी स्पोर्ट्स' पर लाइव शो में एंकर से भिड़ने और फिर बीच प्रोग्राम से उठ कर चले जाने के बाद विवाद में आए पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर चैनल के इस मामले पर आए बयान पर भड़क गए हैं। उन्होंने पीटीवी को पागल तक कह डाला। अख्तर



पीटीवी के एक स्पोर्ट्स शो पर पहुंचे थे और पाकिस्तान के प्रदर्शन को लेकर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान टीवी के एंकर डॉ नौमान नियाज पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज पर एक बात को लेकर भड़क पड़े और उनको शो छोड़कर जाने के लिए कह दिया। शोएब उस शो को तुरंत छोड़कर निकल गए और इस घटना के बाद उनको सोशल मीडिया पर फैन्स का जमकर साथ भी मिल रहा है।

पीटीवी ने ट्वीट के जरिए एक बयान में कहा, 'शोएब अख्तर और पत्रकार नौमान नियाज के बीच ऑन-एयर विवाद की जांच पूरी होने तक दोनों को चैनल की ओर से ऑफ-एयर रखने का फैसला किया गया है।' अख्तर ने हालांकि पीटीवी के इस बयान के जवाब में कहा, ' यह अच्छा मजाक है।

मैंने 22 करोड़ पाकिस्तानियों और दुनियाभर के लोगों के सामने इस्तीफा दिया। पीटीवी पागल है क्या। मुझे ऑफ एयर करने वाले ये कौन होते हैं। समझा जाता है कि नौमाज द्वारा अख्तर की बात काटे जाने के कारण यह विवाद खड़ा हुआ था, क्योंकि शोएब को नौमाज की यह बात पसंद नहीं आई थी और जब अख्तर ने इस पर नाराजगी जताई तो नौमान ने उन्हें ऑन-एयर प्रोग्राम छोड़ कर चले जाने को कह दिया। इसके बाद शोएब ने ट्विटर पर वीडियो अपलोड करते हुए कहा था कि प्रोग्रमा के होस्ट नौमान द्वारा बेइज्जती किए जाने के बाद उन्होंने पीटीवी से इस्तीफा देने का फैसला किया है। उन्होंने एक बयान में कहा था, 'माफी चाहता हूं। मैं पीटीवी से इस्तीफा देता हूं। नेशनल टीवी पर मेरे साथ जिस तरह का बर्ताव किया गया, मुझे नहीं लगता कि मुझे यहां रहना चाहिए।

# 'ये वर्ल्ड कप है, कोई सीरीज या मैच नहीं', हार्दिक पांड्या को टीम में शामिल करने पर भड़के पूर्व चीफ सिलेक्टर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के लिए भारतीय टीम में शामिल करने पर कई दिग्गजों ने शुरू में ही अपनी नाराजगी जताई थी। इस मामले ने उस समय और ज्यादा तूल पकड़ लिया, जब भारत को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था और पांड्या इस मैच में गेंदबाजी करने नहीं उतरे थे। टी-20 वर्ल्ड कप के शुरू होने से पहले ही पांड्या की फिटनेस पर लगातार सवाल उठ रहे थे और अब टीम में उनकी जगह को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। पांड्या पीठ की चोट के कारण गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं,



लेकिन उनके बल्ले से भी रन नहीं निकल पा रहे हैं। इस बीच भारत के पूर्व चयनकर्ता प्रमुख संदीप पाटिल ने भी टीम में पांड्या के चयन पर सवाल उठाए हैं।

संदीप पाटिल ने द टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत के दौरान कहा, 'प्लेइंग इलेवन में उनका चयन कप्तान और कोच पर निर्भर है और केवल बीसीसीआई ही इस बारे में जानता होगा। लेकिन, अगर खिलाड़ी फिट नहीं है, तो ये बात सिलेक्टर्स पर आती है। उन्होंने आईपीएल 2021 में गेंदबाजी नहीं की थी, इस पर तो सिलेक्टर्स को फैसला लेना था।

चयनकर्ता को टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के लिए भारतीय टीम में शामिल करने से पहले हार्दिक पांड्या को फिटनेस टेस्ट के लिए कहना चाहिए था। 983 वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य ने कहा कि इसके लिए किसी को तो जवाबदेही लेनी होगी। उन्होंने कहा, 'किसी न किसी को तो जवाबदेही लेनी होगी। रवि शास्त्री की तरफ से कोई बयान नहीं आया। रोहित शर्मा और अजिंक्य रहाणे ने पहले कहा था कि वह फिट हैं। ये वर्ल्ड कप है कोई सीरीज या मैच नहीं। अगर वह मैच में अनफिट हैं तो आप कैसे कह सकते हैं कि वह फिट हैं। भारत को यूएई में जारी आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 10 विकेटों से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। भारत की वर्ल्ड कप के किसी मैच में पाकिस्तान के खिलाफ यह पहली हार थी। टीम इंडिया को अब अपना अगला मैच रविवार को न्यूजीलैंड के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलना है। न्यूजीलैंड को भी पहले मैच में पाकिस्तान ने पीटा था। टूर्नामेंट में बने रहने के लिए दोनों टीमों के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने चलाया जांच अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल मिर्जापुर एवं जिलाधिकारी भदोही के आदेश एवं चंदन पांडे अभिहित अधिकारी खादय सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशन में दीपावली त्यौहार को देखते हुए विभाग द्वारा मिलावटी खादय पदार्थी के विरुद्ध छापामार कार्यवाही कर नमूनों का संकलन किया जा रहा है जिसे जांच हेतु भेजा जाएगा।

जांच रिपोर्ट प्राप्ति के उपरांत अर्थदंड वसूली एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को विभाग की टीम ने ज्ञानपुर एवं गोपीगंज में 3 दूध के नमूनों का संकलन किया। महाराजगंज के तेल व्यापारी कड़े दिन के गोदाम पर छापा मारकर 60 किलोग्राम सरसों का तेल जप्त करते



हुए नमूना संकलन की कार्यवाही की गई। वही चौरी बाजार में राजेंद्र की दुकान से फेठुआ मीठा का नमूना भरा गया। आज की टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी गुप्ता एवं रामसूरत यादव पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे। टीम का नेतृत्व मुख्य खादय सुरक्षा अधिकारी केएन त्रिपाठी के द्वारा किया गया। आम जनता से अनुरोध है कि जनपद में किसी भी दुकान पर गंदगी पाई जाती है तो उसकी फोटो को अपलोड करते हुए कृपया व्हाट्सएप नंबर 8528928496 पर प्रेषित करें। सूचना प्राप्त होने पर 24 घंटे के अंदर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। खादय पदार्थ में मिलावट के संबंध में मुख्य खादय सुरक्षा अधिकारी केएन त्रिपाठी के मोबाइल नंबर 888 78 90 254 पर भी संपर्क किया जा सकता है।



## शोभायात्रा निकाल किया गया कलश विसर्जन

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज भदोही।** नगर के प्राचीन दुर्गा मंदिर पर नव दिवसीय शतचंडी यज्ञ महोत्सव के अंतिम दिन कलश विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई जो पूरे नगर भ्रमण करने के पश्चात रामपुर गंगा घाट पर विसर्जित की गई। विसर्जन शोभायात्रा में भारी संख्या में महिलाओं ने सर पर आम्र पत्र सहित कलश रखकर हर हर महादेव जय माता दी की जयकारे लगाते चल रही थी। इस अवसर पर डीजे से निकल रही धार्मिक धुनों के बीच उत्साह के साथ संपनन हुए यज्ञ के उपरांत कलश का विसर्जन श्रद्धा पूर्वक किया गया। कलश विसर्जन शोभायात्रा में यज्ञ आचार्य राकेश भार्गव, आचार्य संदीप पांडे, शरद पांडे, गोपाल पांडे सहित सतीश चंद गुप्ता, राजीव रतन मिश्रा, मदन मोहन मिश्रा, सुरेंद्र विश्वकर्मा सहित नगर के गणमान्य नागरिक और महिलाएं रही।

# जमानत पर आ रहे आर्यन खान को प्रिंस आर्यन का संबोधन देना कितना सही और कितना गलत

**शशांक शुक्ला**

**प्रयागराज।** कहा जाता है कि शाहरूख खान की पीआर एजेंसी बॉलीवुड में सबसे बेहतर है। आमिर खान ने एक बार सालों पहले उज्ज्वल त्रिवेदी को दिए गये साक्षात्कार में कहा है कि शाहरूख खान का पीआर सबसे अच्छा है, वह मीडिया को बहुत अच्छी तरह हैंडल करते हैं। यह सब देख भी रहें हैं कि कैसे जाँच अधिकारी समीर वानखेड़े पर प्रशन्न चिन्ह उठने शुरू हुए और कैसे उनकी निजी जिंदगी को भी इस मामले में घसीटा गया, कैसे आर्यन को मासूम बच्चा साबित करने की कोशिश की गई, कैसे शाहरूख के पिता मीर ताज मोहम्मद के स्वतंत्रता सेनानी होने का भी विक्टिम कार्ड खेला गया। इसका क्या यह मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए कि आर्यन खान के दादाजी स्वतंत्रता सेनानी थे, तो उनके परिवार और नजदीकियों को अपराध करने की छूट दे दी जानी चाहिए ? अथवा उन पर लगे आरोप की जाँच नहीं की जानी चाहिए ?

क्या मीर ताज मोहम्मद आज जीवित होते , तो आर्यन पर लगे आरोप पर उनको शर्मिंदगी नहीं होती ?




मुझे नहीं पता इस तस्वीर में दिख रहे लोंगो शाहरूख की पीआर ने इनको भाड़े पर बुलाया है या इनके शाहरूख और आर्यन से व्यक्तिगत संबंध हैं या खुद अपने दीवानेपन चलते चले आए हैं।

पीआर ने पैसे के बलबूते इन्हें इकट्ठा किया है, तो एक बार के लिए बात समझी जा सकती है कि यहाँ पैसे से न्याय बिक जाता है, तो आदमी की क्या बिसात ? शाहरूख के करीबी हों, तो भी बात समझी सकती है कि इन्हें अपनी वफ़ादरी साबित करनी है लेकिन अगर यह बिना किसी पैसे-रूपये या मूल्य अदायगी के बदले आयें हैं, तो यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है कि कैसे एक ड्रग्स सेवन के आरोप में जेल से जमानत पर बाहर आ रहे व्यक्ति को ठप्रिंस आर्यनठ संबोधित कर स्वागत किया जा रहा है। वह भी अपना धन, समय खर्च करके। अगर ऐसे लोग रोल मॉडल बन रहे हमारे युवाओं के तो यह स्थिति किसी एक-दो व्यक्ति या परिवार के लिए चिंता का विषय नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए चिंताजनक स्थिति है।

हमें चलना किधर चाहिए और हम चले किधर जा रहे हैं।

अभी दो महीने पूर्व तेइस बरस के नौजवान नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलम्पिक में गोल्ड मेडल जीतकर दुनिया में देश का मान बढ़ाया था। वही बॉलीवुड में ही आर माधवन के बेटे वेदांत माधवन ने बंगलुरू में 47 वीं नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप में चार रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल सात मेडल जीते हैं। कितने मीडियाकर्मी गये आर माधवन और वेदांत माधवन का इंटरव्यू करने? कितने टीवी चैनलों ने इस ख़बर को प्रमुखता दी ? या कितने लोंगो ने आर माधवन और वेदांत माधवन को उनके घर जाकर बधाई दी, इस ख़बर को मीडिया ने कितनी प्रमुखता दी ?

जो लोंग ठप्रिंस आर्यनठ का पोस्टर लेकर खड़े हैं क्या वह स्वयं भी अपने बेटों को ऐसी शिक्षा देंगे ? और जमानत पर छूट कर आते हुए अपनी संतानों का स्वागत ऐसे ही करना चाहेंगे ?



## दीपावली के लिए रखें पटाखे को पुलिस ने किया जप्त

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज भदोही ।** चौकी पुलिस ने नगर के एक मकान में छापामारी कर दीपावली के लिए स्टोर किये गए पटाखे को जब्त कर लिया है। साथ ही विक्रेता को भी हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि दीपावली पर्व के मद्देनजर नगर के विक्रेताओं ने काफी भंडारण कर रखा है, जिसको लेकर पुलिस ने छापेमारी करके अवैध रुप से जमा किए पटाखे पकडे़ है। सदर मुहाल में बने एक मकान के गोदाम से बरामद पटाखों की कीमत लगभग 2 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में और भी दुकानदारों को चिन्हित कर रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी कर रही है।शुक्रवार को चौकी प्रभारी संतोष राय को जानकारी मिली कि नगर के मकान के भीतर गोदाम बना कर अवैध पटाखे रखे गए हैं। जिस पर मय फोर्स सहित पुलिस ने मकान के अंदर घुस कर छापेमारी की और वहां से पटाखे को जप्त कर कोतवाली ले गये। अचानक पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप मच गया।

## किसानों की तकलीफ गिना वरुण गांधी ने चेताया

# मैं सरकार के सामने हाथ नहीं जोडूंगा, सीधे कोर्ट जाऊंगा और...



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किसान आंदोलन और किसानों के मसले पर अक्सर मुखर रहने वाले भाजपा सांसद वरुण गांधी ने एक बार फिर से उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को निशाने पर लिया है। वरुण गांधी ने किसानों के मुद्दों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि खरीद केंद्रों में पूरी तरह खुले में 'व्यापक भ्रष्टाचार' है और किसानों को बिचौलियों से अपने अनाज बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने मंडी कर्मचारियों को भी हिदायत दी है कि अगर किसानों के साथ अत्याचार हुआ तो वह सीधे कोर्ट जाएंगे और सबको गिरफ्तार करवाएंगे। पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी की भी मांग की। बता दें कि तीन कृषि कानूनों के विरोध में किसान संघों की मांगों में से यह एक मांग है। उन्होंने कहा कि जब तक एमएसपी की कानूनी गारंटी नहीं दी जाती, तब तक किसानों का 'मंडियों' (कृषि उपज के लिए बाजार) में शोषण जारी रहेगा। वरुण गांधी ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बरेली की एक मंडी में एक सरकारी अधिकारी से बात करते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया।

वीडियो में वरुण गांधी कहते हैं, 'आप अच्छी तरह जानते हैं कि कुछ दिन पहले एक किसान ने अपनी धान की फसल में खुद आग लगा दी थी। पीलीभीत में भी ऐसा हुआ और 17 जिलों में ऐसा हो चुका है कि किसान खुद अपनी धान में आग लगा रहा है। यह पूरे उत्तर प्रदेश के लिए राष्ट्र और दुनिया में शर्म का विषय बन चुका है। आप इस समय अच्छी तरह जानते हैं कि किसान कितना कष्ट में हैं। महंगाई का सामना एक इंसान के रूप में आप भी कर रहे हैं। आप देख रहे हैं कि फर्टिलाइजर्स की कमी है राष्ट्र में। आप देख रहे हैं कि किस तरीके से प्राकृतिक आपदा का शिकार हुआ है किसान, अभी-अभी। उत्तराखंड से पानी छोड़ा गया, यहां बाढ़ आई- बारिश आई।'

वह आगे कहते हैं, 'आप लोग हर काम में झूठा कारण ढूंढते हो, कभी कहते हो नमी है, कभी कहते हो टूटन है, कभी आप कहते हो कि कालापन है और आप उसे रिजेक्ट करते हो। वैसे ही किसान इस समय मरने के कगार पर है, और वो क्या करता है फिर.. आप उसे भेजते हो अपने मित्रों के पास जो बाहर खड़े रहते हैं। ये सब आपके राइस मिलर्स, सब बिचौलिया.. जितने लोग हैं, उन्हीं को 11-12 सौ में बेचते हैं और वहीं आपके पास आकर 1940 में बेच रहे हैं। सब नेक्सस पूरे देश में दिख रहा है। आप क्यों बद्दुआ लेना चाहते हैं करोड़ों लोगों की, जो वैसे ही टूटे हुए लोग हैं। आगे मंडी कर्मचारियों को चेतावनी भरे लहजे में वरुण कहेत हैं, 'मैं आप लोगों को इस समय चेताने आया हूं कि मेरा एक प्रतिनिधि हर मुख्य क्रय केंद्र में आज के बाद रहेगा और जो रिकार्ड करेगा हर चीज को। ये साक्ष्य इकट्ठा करेंगे और अगर पता चला कि यहां कोई भ्रष्टाचार है, ढिलाई है या क्रूरता है किसानों के प्रति तो मैं सरकार के सामने हाथ नहीं जोडूंगा, मैं सीधे कोर्ट जाऊंगा और आप सबको गिरफ्तार करवाऊंगा।'

## 'भारतीय कब्जे वाला कश्मीर' लिखने पर फिर विवादों में जेएनयू, भारी विरोध के बाद वेबिनार रद्द

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कश्मीर को लेकर जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) एक बार फिर विवादों में आ गया है। कश्मीर को लेकर सेंटर फार वुमन स्टडीज द्वारा आयोजित वेबिनार के लिए जारी आमंत्रण पत्र पर ही शिक्षकों व छात्रों ने विरोध शुरू कर दिया। एबीवीपी ने भी कड़ी प्रतिक्रिया जताई। इसके बाद शुक्रवार शाम से आयोजित वेबिनार को ही रद कर दिया गया। वेबिनार के रद होने के बाद भी आयोजकों पर कार्रवाई की मांग शुरू हो गई है। छात्रों शिक्षकों की मुख्य आपत्ति कश्मीर को लेकर किये गए संबोधन पर है। एक शिक्षक ने बताया कि जेएनयू प्रशासन ने भी इस पर घोर आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद शुक्रवार रात 8.30 बजे होने वाला वेबिनार रद कर दिया गया। एबीवीपी ने इसे एक गैर संवैधानिक वेबिनार करार दिया। एबीवीपी के एक पदाधिकारी ने बताया कि वेबिनार वेबपेज ने जम्मू और कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश को 'भारतीय अधिकृत कश्मीर' के रूप में संबोधित किया है जिस पर हमें घोर आपत्ति है।



जेएनयू की एबीवीपी इकाई का कहना है कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कम्युनिस्टों द्वारा आयोजित राष्ट्र-विरोधी कार्यक्रम की याद दिलाते हुए, भारत की संप्रभुता को कमजोर करने वाला एक और कार्यक्रम भारत के सामाजिक विज्ञान स्कूल में महिला अध्ययन केंद्र में सामने आया है। हमारे संज्ञान में आया है कि महिला अध्ययन केंद्र ने 29 अक्टूबर, 2021, शुक्रवार को रात 8:30 बजे 2019 के बाद कश्मीर में लैंगिक प्रतिरोध और नई चुनौतियां नामक एक वेबिनार आयोजित करने का एक जानबूझकर प्रयास किया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वेबिनार वेबपेज ने जम्मू और कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश को 'भारतीय कब्जे वाले कश्मीर' के रूप में संबोधित किया है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि भारत सरकार ने बार-बार कश्मीर को भारत गणराज्य का अभिन्न-अंग बताया है। इस तरह के वेबिनार और आयोजनों ने जेएनयू को राष्ट्र-विरोधी प्रवचन के लिए एक स्थान के रूप में चित्रित करना जारी रखा है और इसलिए यह हर तरह से निंदनीय है। जेएनयू में एबीवीपी इकाई के अध्यक्ष शिवम चौरसिया ने कहा कि हमने प्रशासन से इस वेबिनार को तुरंत बंद करने की मांग की है क्योंकि यह भारत गणराज्य और भारत के संविधान की अखंडता और संप्रभुता को कमजोर करता है। एबीवीपी-जेएनयू सचिव रोहित कुमार ने कहा कि हम महिला अध्ययन केंद्र की अध्यक्ष, संबंधित संकायों और जेएनयू रजिस्ट्रार के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग करते है, जिन्होंने कार्यक्रम की अनुमति दी थी और जिन्होंने इस तरह के वेबिनार का आयोजन तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर किया है।

## प्रभाकर सेल से नहीं हो पा रहा संपर्क, मुंबई पुलिस से मांगी है मदद : आर्यन केस पर एनसीबी

**मुंबई (एजेंसी)।** एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े पर कथित रिश्वत के आरोपों की जांच कर रहे डीडीजी ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि हम तमाम सोर्स से मुख्य गवाह प्रभाकर सेल से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए मुंबई पुलिस की मदद ली गई है। उम्मीद है कि जल्द ही वह जांच में शामिल होगा।



एनसीबी के डीडीजी ज्ञानेश्वर सिंह ने शुक्रवार को कहा कि तीन दिनों से हम मामले में स्वतंत्र जांच कर रहे हैं। इस जांच में कई पहलुओं पर मंथन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी उपलब्ध स्रोतों के माध्यम से मुख्य गवाह प्रभाकर सेल से संपर्क स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। हमने मुंबई पुलिस कमिशन्र से मदद करने का भी अनुरोध किया है, क्योंकि मीडिया में खबरें थीं कि प्रभाकर सेल मुंबई पुलिस के संपर्क में था। दरअसल, प्रभाकर सेल ने अपने हलफनामे में एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े पर मुंबई क्रूज ड्रग्स केस में करोड़ों की रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। इस मामले में एनसीबी के डीडीजी ज्ञानेश्वर सिंह जांच कर रहे हैं। ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि हम अभी तक उसे(प्रभाकर सेल) नोटिस नहीं दे पाए हैं। मुझे उम्मीद है कि वह जांच में शामिल होंगे, क्योंकि वह इस मामले में सबसे महत्वपूर्ण गवाह है।एक बातचीत में डीडीजी ने कहा कि केपी गोसावी हिरासत में हैं। हमें उसे जांच में शामिल करने की अनुमति के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना होगा। हमें उम्मीद है कि हम इस मामले में जंल्द ही जांच पूरी करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में समीर वानखेड़े समेत पांच अधिकारियों और तीन गवाहों से पूछताछ हो चुकी है। समीर वानखेड़े से कुछ दस्तावेज लिए गए हैं, जिनका विश्लेषण किया जा रहा है। उनसे कुछ और दस्तावेज मांगे भी हैं।

## बॉम्बे एचसी ने देशमुख के खिलाफ जारी ईडी का समन खारिज करने से किया इनकार

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कथित धनशोधन और भ्रष्टाचार के मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ जारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को खारिज करने का अनुरोध करने वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि अनिल देशमुख इन समन को रद्द करने के पक्ष में मामला बनाने में असफल रहे। कहा कि पूर्व मंत्री की याचिका इस योग्य नहीं है कि उसके आधार पर निदेशालय या केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को उनके खिलाफ कोई बलपूर्वक कार्रवाई करने से रोका जाए।

## बीजेपी अपने सारे विधायकों के टिकट काट दे, तो भी हारना तय : अखिलेश यादव

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा अगर अपने सभी विधायकों के टिकट काट भी दे तो भी विधानसभा चुनाव जीत नहीं पाएगी। क्योंकि जनता ने भाजपा को हरा कर 'क्वारेंटाइन' करने का इरादा कर लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में मनभेद ही नहीं मठभेद भी हैं और इसलिए भाजपा सरकार के दोनों 'इंजन' आपस में टकरा रहे हैं। भाजपा में नेता एक दूसरे को हराने में लगे हैं। अखिलेश ने शुक्रवार को पश्चिमी यूपी के कांग्रेस नेता पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक व पंकज मलिक के सपा में शामिल होने के मौके पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा भाजपा का अब जाना तय है। महंगाई को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जनता को भाजपा न जाने कौन सा पहाड़ा पढ़ा रही कि हर दिन पेट्रोल 35 पैसे बढ़ जाता है। अखिलेश ने कहा कि इस एक्सप्रेसवे की क्वालिटी के साथ समझौता किया गया है। आखिर देश की प्रतिष्ठित कंपनियों को इतने बड़े प्रोजेक्ट से बाहर क्यों कर दिया गया जबकि यह प्रतिष्ठित कंपनियां अयोध्या में राम मंदिर व गुजरात में पटेल प्रतिमा के निर्माण से जुड़ी थीं। इस प्रोजेक्ट का ठेका भाजपा के चेहतों को दे दिया गया। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार बनने पर लखनऊ से सीधे पश्चिम को जोड़ने वाला एक्सप्रेस वे बनाएंगे।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा उन पर राम मंदिर निर्माण के लिए चंदा न दिए जाने के सवाल पर अखिलेश ने कहा कि वह भाजपा से बेहतर मंदिर बना कर दिखाएंगे। मंदिर कहां बनेगा, बाद में बताएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे हर कार्यकर्ता के यहां मंदिर है। हमने तो मुख्यमंत्री आवास में भी मंदिर बनवाया था। सरकार बताए कि सरकार ने साढ़े चार साल लोगों को कौन सा टेबलेट बांटा उन्होंने लखीमपुर खीरी कांड की चर्चा करते हुए कहा कि जब वहां के मंत्री केंद्रीय गृहमंत्री के साथ मंच पर बैठे हैं तो पीडि़त जनता को क्या न्याय मिलेगा। अखिलेश ने एक सवाल पर कहा कि कद्दावर व बहादुर लोगों को सपा अपने यहां शामिल करा रही है। हरेंद्र मलिक व अन्य नेताओं के सपा में आने व मऊ में बड़ी रैली के जरिए भाजपा का पूर्वांचल व पश्चिम में घुसने का रास्ता बंद कर दिया गया है। सपा कद्दावर लोगों को ही टिकट देगी।

## दो महीने बाद जेल से बाहर आएंगे पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर, कोर्ट ने जमानत की मंजूर

**लखनऊ (एजेंसी)।** गिरफ्तारी के दौरान पुलिस अभिरक्षा में जाने से इनकार कर हंगामा करने एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोपी पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की ज़मानत सीजेएम रवि कुमार गुप्ता ने मंजूर कर ली है। साथ ही उन्हें 40-40 हजार की दो जमानतें एवं निजी मुचलका दाखिल करने पर रिहा करने का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अमिताभ ठाकुर की ज़मानत अर्ज़ी देकर अदालत के समक्ष कहा कि अमिताभ ठाकुर को 27 अगस्त को उनके गोमतीनगर आवास से गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि इस गिरफ्तारी के समय पुलिस फोर्स बिना किसी वारंट के घर में घुसी थी, जिसका विरोध अमिताभ ठाकुर ने किया था। इस घटना की रिपोर्ट गिरफ्तारी टीम द्वारा गोमतीनगर थाने पर दर्ज कराई गई थी। अदालत ने बीते



गुरुवार को सुनवाई के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

## बंगाल में दिवाली पर नहीं होगी आतिशबाजी, हाई कोर्ट ने बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगाई

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में दिवाली, काली पूजा जैसे त्योहार से लेकर नए नए साल के जशन तक में आतिशबाजी नहीं होगी। कलकत्ता हाई कोर्ट राज्य में पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगा दी है। यह रोक दिवाली, काली पूजा, छठ पूजा, क्रिसमस और नए साल तक जारी रहेगी। कोर्ट ने कोरोना महामारी का हवाला देते हुए यह रोक लगाई है। इससे पहले राज्य सरकार ने दिवाली, काली पूजा और छठ पर 2 घंटे के लिए आतिशबाजी की छूट दी थी तो क्रिसमस और नए साल पर 35 मिनट तक पटाखे फोड़ने की इजाजत दी गई थी। राज्य सरकार की ओर से सिर्फ ग्रीन



पटाखे को फोड़ने की शर्त भी रखी गई थी। राज्य सरकार के इस आदेश को चुनौती देते हुए ही हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें पटाखों पर कंप्लीट बैन की मांग की गई। हाल ही में कोलकाता के प्रमुख डॉक्टरों, पर्यावरण एक्सपर्ट, मेडिकल एसोसिएशंस ने सीएम ममता बनर्जी को एक चिट्ठी लिखकर मांग की थी कि पटाखों पर पूरी तरह से बैन लगाया जाए। पश्चिम बंगाल में त्योहारों पर ढील के खिलाफ कोर्ट में अर्जी ऐसे समय में दाखिल की गई, जब कोरोना के मामलों में तेजी देखने को मिल रही है। बता दें कि केंद्र सरकार ने भी पश्चिम बंगाल में कोरोना के केसों को लेकर चेतावनी दी है। राज्य में डॉक्टरों की एक एसोसिएशन के महासचिव मानस गुमटा ने कहा, 'दुर्गा पूजा के दौरान कोरोना प्रोटोकॉल के उल्लंघन का बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। कोलकाता और पूरे प्रदेश में कोरोना के केसों में फिर से इजाफा देखने को मिल रहा है।

### आतिशबाजी पर पूरी तरह रोक नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने बताया किन पटाखों पर है बैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि पटाखों के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं है, सिर्फ बेरियम सॉल्ट वाले पटाखे प्रतिबंधित हैं। सर्वोच्च अदालत ने यह भी साफ किया है कि किसी भी प्राधिकारी को उसके निर्देशों के उल्लंघन की अनुमति नहीं दी जा सकती है और उत्सव की आड़ में प्रतिबंधित पटाखों के इस्तेमाल की इजाजत नहीं है। कोर्ट ने कहा कि दूसरों के स्वास्थ्य की कीमत पर उत्सव नहीं मनाया जा सकता।

### दिवाली के बाद ममता सरकार देगी राहत, स्कूल-जिम और होटलों के लिए नए नियम तय

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने दिवाली के बाद प्रदेश की जनता को थोड़ी राहत देने जा रही है। कोरोना संक्रमण के मद्देनजर 31 अक्टूबर से प्रदेश में अतिरिक्त छूट की घोषणा की गई है। कक्षा नौ से 12 वीं स्कूल और कॉलेज 16 नवंबर से खुलने जा रहे हैं। जिम, रेस्टोरेंट और शॉपिंग मॉल के लिए भी कुछ नए नियम तय किए गए हैं। देश के अन्य हिस्सों की तरह पश्चिम बंगाल में भी कोरोना संक्रमण का खतरा अभी टला नहीं है। हालांकि ममता बनर्जी सरकार ने कोरोना महामारी के मद्देनजर 31 अक्टूबर से नए नियम जारी किए हैं। सरकार ने प्रदेश में अतिरिक्त छूट की घोषणा की है।नए नियमों के तहत कक्षा 9वीं-12वीं के लिए स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय 16 नवंबर से खुलेंगे। इंट्रा-स्टेट लोकल ट्रेनें 50ज्ञ् क्षमता के साथ संचालित होंगी। वहीं, सिनेमा हॉल, स्टेडियम, शॉपिंग मॉल, रेस्तरां और जिम को 70ज्ञ् क्षमता के साथ काम करने की अनुमति दी गई है। उधर, इससे पहले कलकत्ता हाई कोर्ट राज्य में पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगा दी है।

## उइगर मुसलमानों पर जुल्म! मानव अंग की कालाबाजारी कर चीन ने कमाए अरबों रुपए, रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन में उइगर मुसलमानों पर जुल्म-ओ-सितम की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। अब एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन ने इन उइगर मुसलमानों के अंगों की कालाबाजारी कर अरबों रुपए की कमाई की है। चीन में उइगर मुसलमानों की दयनीय हालत को लेकर दुनिया भर के कई गैर मानव अधिकार संगठन अब तक चिंता जता चुके हैं। लेकिन चीन हर बार इन मुसलमानों को प्रताडि़त करने के आरोपों से इनकार करता आया है। 'पीर्ट् एल्ह' की एक रिपोर्ट के मुताबिक करीब डेढ़ लाख लोगों को यहां जबरन कैद कर रखा गया है। कैद के दौरान जबरन इन मुसलमानों के महत्वपूर्ण शारीरीक अंग जबरन निकाले जा रहे हैं और उनकी नसबंदी भी की जा रही है। चीन में इस अल्पसंख्यक समुदाय को कड़ी निगरानी में रखा गया है। इनपर सीसीटीवी कैमरों से हर वक्त कड़ी नजर रखी जाती है। जिस इलाके में यह रहते हैं उस इलाके से इन्हें



निकलने तक की मनाही है और कई जगहों पर बैरियर लगाए गए हैं ताकि वो इस इलाके से बाहर ना जा सकें। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों को बिना इन्हें पूर्व में सूचित किये ही नष्ट किया जा रहा है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि उइगर मुस्लिमों को उनके घरों से खींच-खींच कर 'एजुकेशन सेंटर' में भेजा जा रहा है। न्यूजपेपर के मुताबिक इन कैदियों की बुरी तरह पिटाई की जा रही है और इनसे हिंसा कर पूछताछ की जा रही है। मारपीट कर इनसे झूठे जुर्म भी कबूलवाए जा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन अल्पसंख्यकों की आबादी को रोकने के लिए महिलाओं की नसबंदी भी व्यापक पैमाने पर कराई जा रही है। एएसपीआई की रिपोर्ट के हवाले से न्यूजपेपर ने बताया है कि साल 2017 से 2019 के बीच करीब 80,000 उइगर मुसलमानों को देश के विभिनन्न फैक्ट्रियों में तस्करी कर ले जाया गया। घर से दूर इन फैक्ट्रियों में इन्हें अलग-अलग रखा जाता है और काम के बाद इन्हें सैद्धांतिक ट्रेनिंग दी जाती है। इनपर सर्विलांस के जरिए कड़ी निगरानी रखी जाती है और इन्हें इनके धार्मिक कार्यों में भी भाग नहीं लेने दिया जाता है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि यहां एक साल में 1 अरब डॉलर के अंगों की ब्लैक मार्केटिंग की गई है। यह भी कहा गया है कि जिन अस्पतालों में मानव अंग निकाले जाते है वो इन डिटेन्शन सेंटर से ज्यादा दूर नहीं है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अस्पताल में किये गये ऑपरेशन के आंकड़ों और शॉट वेटिंग लिस्ट से यह पता चलता है कि जबरन अंग निकालने की यह प्रक्रिया काफी लंबे समय से व्यापक पैमाने पर चल रही है।

### शुगर टैक्स बचाने के लिए सोडा की तस्करी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीनी पर लगे टैक्स की वजह से पुर्तगाल में तस्करों का एक नया समूह उभर कर सामने आया है. यह समूह स्पेन की सीमा पर मौजूद बॉर्डर क्रॉसिंग के जरिए सोडा की तस्करी करता है. पुर्तगाल को चीनी पर टैक्स लगाने की जरूरत ही क्यों पड़ीसीमा शुल्क अधिकारी हेल्डर मेंडेस को यह याद नहीं है कि उन्होंने इस साल अक्टूबर महीने में हर दिन कितने ट्रकों को रोका और उनकी जांच की. मेंडेस की ड्यूटी स्पेन और पुर्तगाल की सीमा पर स्थित विलर फॉमीसो पर लगी हुई है. यह पुर्तगाल की सबसे व्यस्त सीमा चौकियों में से एक है. आज अक्टूबर महीने का ही एक दिन है. सुबह के सात बजे हैं. मेंडेस अपने पांच सहयोगियों के साथ स्पेन से आने वाले ट्रकों की जांच कर रहे हैं। सीमा शुल्क के अधिकारी ट्रकों में एक प्रतिबंधित वस्तु की तलाश कर रहे हैं, जिसकी इन दिनों काफी ज्यादा मात्रा में तस्करी की जा रही है।

## म्यांमार में ऑन्ग सान सू ची के करीबी को मिलिट्री ने 20 साल कैद की सजा दी

**यांगून (एजेंसी)।** म्यांमार की मिलिट्री सरकार ने आन सान सू की के एक करीबी सहयोगी यू विन हेटिन को 29 अक्टूबर को देशद्रोह के आरोप में 20 साल की सजा सुनाई है। यह जानकारी उनके वकील ने न्यूज एजेंसी एएफपी को दी है। यू विन हेटिन के वकील मिंट थ्विन ने बताया है कि एक विशेष अदालत ने धारा 124ए के तहत 20 साल की कैद की सजा सुनाई है। बता दें कि 1 फरवरी 2021 को तख्तापलट के बाद से म्यांमार उथल-पुथल में है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि तख्तापलट के विरोध में हुए प्रदर्शनों में अब तक 1100 से अधिक लोग मारे गए हैं। 80 साल के यू विन हेटिन एक लंबे वक्त से राजनीतिक कैदी हैं। हेटिन ने सैन्य शासन के खिलाफ अभियान चलाने के लिए लंबे समय तक नजरबंद रहे हैं। यू विन हेटिन सू की के दाहिने



हाथ माने जाते हैं।

तख्तापलट के तीन दिन बाद अपनी गिरफ्तारी से पहले हेटिन ने स्थानीय मीडिया को बताया था कि सैन्य कार्रवाई बुद्धिमानी नहीं है और सैन्य नेता देश को गलत दिशा में ले जा रहे हैं।स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स मुताबिक सू की को कई आरोपों का सामना करना पड़ सकता है जो उन्हें दशकों तक जेल में भेज सकता है। उन पर अवैध रूप से वॉकी टॉकी आयात करने से लेकर कोरोनोवायरस नियमों की धज्जियां उड़ाने तक के आरोप लगे हैं। ओंग बता दें कि सेना द्वारा निर्मित राजधानी नैपीडॉ में स्पेशल कोर्ट में सू की के मुकदमे में मीडिया को शामिल होने से रोक दिया गया है और हाल ही में सरकार ने उनकी कानूनी टीम को मीडिया से बात करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025